## समाचार

## श्री राम सेवा समिति द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को श्री राम सेवा समिति जनपद अमरोहा के साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम घर-घर श्री हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के अंतर्गत मंगलवार को श्री बालाजी भगवान का चालीसा पाठ व आरती शलभ रस्तोगी के आवास पर संपन्न हुआ, चालीसा का पाठ करने के बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया, इस मौके पर आदर्श नगर पालिका हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश बंसल, मुकेश गुप्ता, कविंद्र रस्तोगी, जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, जतिन गुर्जर, प्रखर अग्रवाल, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, जतिन गुर्जर, मनोज शर्मा, सोनू सैनी, पवन चौहान, सौरव गुप्ता, राजन पाल , मोहित सुशील अग्रवाल, राजकुमार सागर, सिद्धार्थ शर्मा, पुनीत अग्रवाल, दामोदर शर्मा, संजीव शर्मा, अर्थ भटनागर, अंकिता रस्तोगी, शुभांगी रस्तोगी, गजल रस्तोगी, प्रिया रस्तोगी, सीमा अग्रवाल आदि सहित दर्जनों श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत पोषक तत्वों की दी गई जानकारी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के मॉड्यूल 6 पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता के अंतर्गत पोषक तत्वों की जानकारी दी गई, इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी शैली राजपूत ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक विकास और मानसिक विकास के लिए संतुलित भोजन आवश्यक है, अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्व संयुक्त भोजन का ही सेवन करना चाहिए, कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्रीमती कुमकुम के निर्देशन में हुआ इस मौके पर उन्होंने भी छात्राओं को पोषक तत्व युक्त भोजन एवं संतुलित आहार लेने पर जोर दिया कार्यक्रम में छात्राओं ने भी आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से हेल्थ वैलनेस को दशार्या कार्यक्रम में विद्यालय की सभी छात्राएं एवं अध्यापिकाएं मौजूद रही।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 07 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण के अवसर पर भेंट करते हुए ।

## नाका मे होटल के कमरे में मिला शव

**लोकतंत्र /देवेंद्र शर्मा**

**लखनऊ।** नाका में मंगलवार शाम एक होटल में युवक का शव मिला है। स्टाफ की सूचना पर पहुंची नाका पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले मयंक अरोड़ा (30) के रूप में हुई है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि युवक को सुबह चेक आउट करना था। होटल का कर्मचारी पूछने गया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। होटल में कर्मियों को लगा कि सो रहा होगा। कुछ देर फिर गया तो रिस्पांस नहीं मिला। उसने खिड़की से झांका तो युवक कुर्सी पर बैठा दिखा लेकिन सिर एक साइड लटका था। काफी आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो युवक कुर्सी पर मृत पड़ा था। युवक के परिजनों को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सुशील लॉज के रिसेप्शन पर मौजूद समीर ने बताया, युवक सोमवार की शाम 5:15 बजे लॉज में आया था। बताया कि लखनऊ में कुछ काम है कमरा चाहिए। उसने अपनी आईडी भी दी थी। जिसपर मयंक अरोड़ा पुत्र दिनेश अरोड़ा, निवासी फरीदाबाद, हरियाणा दर्ज था। मंगलवार 12:00 बजे उसे चेक आउट करना था। दोपहर में होटल के कर्मचारियों ने आवाज देकर युवक को बुलाया लेकिन वह बाहर नहीं निकला। शाम को भी कर्मचारी उसे बुलाने गए लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद होटल प्रशासन ने थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कमरा अंदर से बंद मिला। इसके बाद जब पुलिस किसी तरह अंदर पहुंची तो अंदर युवक का शव कुर्सी पर पड़ा था।

## परिवहन निगम कमांड सेंटर से 247 मिलेगी सुविधा

**लखनऊ, 07 जनवरी।** पुण्य भूमि प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक परिवहन सेवायें मुहैया कराने के लिए उ0प्र0 परिवहन निगम कटिबद्ध है। 13 जनवरी, 2025 से शुरू हो रहे मुख्य स्नान से पूर्व परिवहन निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बसें श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए उपलब्ध होंगी। परिवहन निगम 07 हजार ग्रामीण बस एवं 350 शटल बसों का संचालन महाकुम्भ क्षेत्र में करेगा।मुख्य स्नान की अवधि में प्रयागराज के निकटवर्ती जनपदों से आने वाली बसों को प्रयागराज के आउटर मेला क्षेत्र में स्थित 08 अस्थाई बस स्टेशनों से संचालित किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत यातायात की सुगमता बनाये जाने के निर्देश दिये हैं।

**प्रत्येक 02 घंटे के अंतराल पर प्राप्त होगी सूचना**

परिवहन मंत्री ने दयाशंकर सिंह ने बताया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के महाकुम्भ मेला में आने की संभावना है। श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय पर कमाण्ड कन्ट्रोल सेंटर स्थापित व कार्यरत है। महाकुम्भ मेला में संचालित बसों के किसी परिस्थिति में बस के चालक, परिचालक अथवा यात्रियों के सहायतार्थ 247 मुख्यालय स्तर से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कन्ट्रोल रूम झूसी प्रयागराज से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक 02 घंटे के अंतराल पर प्राप्त सूचनाओं/अद्यतन स्थिति उच्च प्रबंधन को अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि कमाण्ड कन्ट्रोल सेंटर द्वारा टोल फ्री नम्बर-18001802877 एवं व्हाट्सअप नं0-9415049606 पर यात्री सहायता के लिए सम्पर्क कर सकते हैं। यात्रियों को यथा संभव सहायता तत्काल उपलब्ध होगी।

## भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/रहरा।** मंगलवार को भारतीय किसान संघ जनपद अमरोहा के विकास खण्ड गंगेश्वरी की मासिक बैठक ब्लाक सभागार रहरा में आयोजित की गई, बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधित करते हुए विकास खण्ड अधिकारी को सौंपा, ज्ञापन में मीटर रीडरो द्वारा अत्यधिक बिल निकाला जा रहा है जिसे रोका जाए, वही रहरा थाने के बराबर वाली गंगेश्वरी को जाने वाली सड़क टूटी हुई है शीघ्र अति शीघ्र सही कराई जाए तथा आपूर्ति विभाग द्वारा पात्र उपभोक्ताओं के राशन कार्ड जोड़े जाएं एवं गन्ने का मूल्य 450 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए, पोरारा, आहार गंगा घाट का पुल निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए , बैठक में बिजली विभाग से एस डी ओ रहरा उपस्थित रहे व किसानों की समस्यायें सुनी बैठक में प्रान्त संगठन मंत्री सुनील कुमार, प्रांत युवा प्रमुख व जिला प्रभारी संजीव कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य महिपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष डा शिवचरण सिंह सैनी, जिला प्रचार प्रमुख अखिलेश शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष दिव्यांशु यादव, ब्लाक मन्त्री नीरज सैनी, जयप्रकाश शर्मा, प्रहलाद सिंह, होमपाल सिंह, जय सिंह सिंह, चरनसिह, वीर सिंह, नवनीत शर्मा, बोबी कुमार, नरेंद्र भाटी, मुकेश कुमार शर्मा, प्रेम शंकर, डा हेम सिंह आदि कार्य कर्ता मौजूद रहे।

## सिख समुदाय ने निकाली गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में प्रभात फेरी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के गुरुद्वारा सिंह सभा हसनपुर द्वारा खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया, इस उपलक्ष्य में सर्वप्रथम सिख समुदाय द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई प्रभात फेरी नगर के मोहल्ला होली चौक से प्रारंभ होकर पुराना डाकघर, मुख्य बाजार, इंदिरा चौक, मोहल्ला महल, गुरुद्वारा रोड से होती हुई अस्थाई गुरुद्वारा मोहल्ला होली चौक में पहुंचकर संपन्न हुई, प्रभात फेरी में विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी एवं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भी पहुंच कर गुरु का आशीर्वाद लिया, इस बीच प्रभात फेरी का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, प्रभात फेरी के समापन के बाद गुरुद्वारे में रागी जत्थे द्वारा शब्द कीर्तन किया गया, तथा ग्रंथि ज्ञानी वीरेंद्र सिंह जी ने गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म दिवस पर प्रकाश डाला, एवं गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म दिवस पर लंगर भी छाकाया गया, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर छका, उधर नगर पालिका द्वारा प्रभात फेरी के मार्ग पर विशेष सफाई व्यवस्था कराई गई तथा चूने का छिड़काव कराया गया, साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा, इस मौके पर मुख्य रूप से महेंद्र चावला, हरजीत चावला, सुरजीत सिंह, राजा, टिटे, सरदार गुरबचन सिंह, एकता, कविता प्रीति, देव महंत, लवकेश महंत, अजय पाल आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तहसील बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारीयो ने शपथ ग्रहण की

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन 2025 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारी ने शपथ ग्रहण की शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया, वही नगर के गणमान्य लोगों एवं अधिवक्ताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तहसील बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल एवं महासचिव मदन राणा तथा अन्य पदाधिकारी ने शपथ ग्रहण की, इस मौके पर मुख्य रूप से एसडीम सुनीता सिंह, तहसीलदार मूसाराम सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, कल्याण सिंह सैनी, संजय शर्मा, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, पवन राज जाटव, शिवचरण सिंह, शिवराज सिंह, ऋषिपाल सिंह, हरिओम शर्मा, गंगासरण खड़कवंशी, सुरमीत गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, सुनील शर्मा, मुजाहिद चौधरी पुनीत कुमार, महावीर सिंह, सुनील भटनागर, वीर सिंह त्यागी, मेघराज सिंह, बहन विमला कुमारी, संजय राणा, अजय पॉल, विक्रम महंत, मोहित अग्रवाल, नंदन सिंह खड़कवंशी, एवं संदीप कुमार एडवोकेट, संजय कुमार, कुलदीप कुमार, रवि शंकर शर्मा, संजय चौहान मोहम्मद नावेद, ओमपाल सिंह आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी जी को महाकुंभ में आने हेतु आमंत्रित किया

## निमंत्रण देने के साथ ही मंत्री जी ने महाकुंभ के धार्मिक, अध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला




**नई दिल्लीः 07 जनवरी, 2025** उत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी जी से आज नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में मुलाकात की। इस बैठक के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप पुरी जी को प्रयागराज महाकुंभ 2025 में शामिल होने का न्यौता दिया। इस अवसर पर उन्होंने मंत्री महोदय को कुंभ कलश, महाकुंभ-2025 का लोगो, कुंभ साहित्य और महाकुम्भ संबंधी विविध सामग्री भेंट की। इस अवसर पर श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रभावशाली दिशा-निर्देशन में राज्य सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार दिव्य, भव्य एवं डिजिटल महाकुंभ के लिए प्रतिबद्ध है। शिष्टाचार भेंट के दौरान श्री सिंह ने महाकुंभ के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत की दिव्य और जीवंत झांकी है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ 2025 भारत की सांस्कृतिक विविधता और अनेकता में एकता का प्रतीक है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की सम्भावना है। केंद्रीय मंत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन की सराहना की और कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की महान धरोहर है। श्री सिंह ने औपचारिक निमंत्रण देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी। श्री पुरी ने निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया और आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अभाविप का 64 वें प्रांत अधिवेशन का गोरखपुर में हुआ समापन नवीन प्रांत कार्यकरिणी गठित

**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**




**बस्ती** । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गोरक्ष प्रांत की नवीन कार्यकरिणी गठित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गोरक्ष प्रांत के 64वें अधिवेशन का समापन रविवार को गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, गोरखपुर में हो गया। दो दिवसीय प्रांत अधिवेशन के अंतिम सत्र 'नवीन इकाई घोषणा' में गोरक्ष प्रांत के अध्यक्ष डॉ. राकेश प्रताप सिंह व प्रांत मंत्री मयंक राय ने सत्र 2024-2025 हेतु नवीन कार्यकरिणी की घोषणा की। जिसमे बस्ती जिले अखिलेश सिंह को प्रांत फार्मा विजन संयोजक,उत्कर्ष कसौधन को प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक, अमित पटेल को प्रांत सह एग्री विजन संयोजक, स्निग्धा श्रीवास्तव को प्रांत कार्य समिति सदस्य, ज्योति सिंह एवं शिखर सिंह को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। अभाविप गोरक्ष प्रांत मंत्री मयंक राय ने कहा की विद्यार्थी परिषद एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो युवाओं को एकजुट करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम है। सत्र के समरोप सत्र में प्रांत संगठन मंत्री हरिदेव ने कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। अभाविप का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय जागरूकता, सामाजिक सेवाओं, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नेतृत्व के गुण सिखाना है। नवीन कार्यकारिणी को राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद सदस्य प्रोफेसर उमा श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद सदस्य प्रोफेसर सुषमा पांडेय, प्रांत कोषाध्यक्ष सुजीत चौधरी, महानगर अध्यक्ष डॉ विवेक शाही समेत सभी लोगों ने शुभकामनाएं दी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्ती, गोरक्ष प्रांत

## 22 जनवरी को होगा एक दिवसीय रामलीला का आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को श्री शिव महामंडल रामलीला समिति की एक बैठक नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में एक दिवसीय रामलीला के आयोजन पर सहमति बनी, इस संबंध में कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या में 500 वर्ष की तपस्या के बाद 22 जनवरी 2023 को भगवान श्री राम लला के भव्य राम मंदिर में भगवान श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ को भव्य रूप के साथ मनाने का निर्णय लिया गया, उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को झंडा पूजन रामलीला मैदान में किया जाएगा उसके बाद 22 जनवरी को प्रातः 8 बजे भव्य हवन का आयोजन होगा एवं वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला मंच पर प्रातः 11 बजे से संपूर्ण रामलीला का मंचन किया जाएगा इस बीच हवन समाप्ति पर प्रसाद का भी वितरण होगा वही रात्रि तक संपूर्ण रामलीला के समापन पर भगवान श्री राम जी का भव्य राजतिलक होगा, बैठक में मुख्य रूप से राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, लोकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश यादव, संजीव शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश शर्मा, सतवीर गिरी, पप्पू गिरी, राजपाल प्रजापति, महेश प्रजापति, अंकुर प्रजापति, प्रशांत शर्मा, हुकुम सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## शटर तोड़कर ज्वेलरी शॉप के अंदर घुसे चोर ने तीन लाख के गहने चुराके, सीसीटीवी मे कैद हुए चोर

**लोकतंत्र /देवेंद्र शर्मा**




**लखनऊ**-जेहटा रोड पर चोर ने ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर दो किलो चांदी और 15 ग्राम सोने के जेवर चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें चोर करीब आधे घंटे तक चोरी करते नजर आ रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को कब्जे में लिया है। वहीं दुकान के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं। मलिहाबाद के मिजार्पुर के रहने वाले युवराज वर्मा की जेहटा चौराहा पर लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। युवराज ने बताया कि मंगलवार सुबह टहलने निकले एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि दुकान का शटर टूटा पड़ा है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलते ही दुकान पर पहुंचकर देखा तो शटर टूटा पड़ा था। चोर दो किलो चांदी और 15 ग्राम सोने के जेवर चुरा ले गए हैं। जेवर की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख है। घटना की जानकारी पुलिस को दी। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें तीन चोर दुकान के अंदर सफेद कपड़े पहने हुए चोरी करते और एक दुकान के बाहर पहरे पर खड़ा दिखाई दे रहा है। चारों एक ही तरह के सफेद कपड़े और नकाब पहन रखा है। घटनास्थल से जेहटा चौकी महज 50 मीटर की दूरी पर है। पुलिस को चुनौती देते हुए नकाबपोश चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस चौकी के सामने ही इतनी बड़ी घटना हो गई। आखिर पुलिस क्या कर रही थी। चौकी पर प्रभारी सहित दो दरोगा तीन सिपाही तैनात हैं।

## बीसलपुर राजकीय पशु चिकित्सालय में खुलेआम चल रहा है रिश्वतखोरी का खेल।






**पीलीभीत बीसलपुर।** राजकीय पशु चिकित्सालय बीसलपुर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ है। पशु चिकित्सालय का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक प्राइवेट कर्मचारी अनिल गंगवार डॉक्टर योगेंद्र कुमार द्वारा लगाया हुआ है। वायरल वीडियो में प्राइवेट कर्मचारी अनिल गंगवार पशु सर्टिफिकेट के नाम पर हजारों रुपए की धनउगाई कर रहे हैं और कह रहे हैं कि रुपए कम मत दो मुझे बड़े डॉक्टर को देना पड़ता है यदि रुपए कम लिए तो बड़े डॉक्टर मुझसे नाराज होंगे । डॉ योगेंद्र कुमार प्राइवेट व्यक्ति अनिल से करवा रहे हैं धनु उगाई का खेल कहीं पशु की दवा के नाम पर तो कभी पशुओं के सर्टिफिकेट के नाम पर ऐसे कई प्रकरण राजकीय पशु चिकित्सालय के पहले भी रिश्वतखोरी के आ चुके हैं लेकिन इन पर अभी तक कोई कार्रवाई ही नहीं हुई है। प्रशासन की कब आंख खुलेगी और ऐसे भ्रष्टाचारी लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी । आम जनमानस पशुपालक इस धुन उगाई का कब तक शिकार बनते रहेंगे । जबकि शासनादेश अनुसार किसी भी सरकारी कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारी रखने का कोई प्रावधान नहीं है लेकिन सरकार की अनदेखी के चलते प्रशासनिक अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और प्राइवेट लड़कों से चला रहे हैं धन उगाही का धंधा।

## महाकुम्भ में स्वास्थ्य विभाग का दस्ता लगातार करे भ्रमण, पूछे लोगों का हाल, जरूरत हो तो उपचार कराए: मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 07 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाले है। सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण करे और लोगों का हाल-चाल ले, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता दिलाई जाए।

## महाकुम्भ में देवलोक की अनुभूति कराएंगे 30 पौराणिक तोरण द्वार



**महाकुम्भनगर, 07 जनवरी** । पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तीर्थों के राजा तीर्थराज प्रयागराज तैयार हैं। महाकुम्भनगर में प्रवेश करते ही समुद्र मंथन के 14 रत्न सभी श्रद्धालुओं का वंदन करेंगे। जैसे ही आगे बढ़ेंगे शिव शम्भु का विशाल डमरू दिखेगा। इसके साथ ही कच्छप, समुद्र मंथन और नंदी द्वार भी श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। महाकुम्भनगर में 30 पौराणिक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं को देवलोक की अनुभूति कराएंगे।

**प्रदेश के कई हिस्सों से आए कारीगरों ने निभाई भूमिका**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को पहले के सभी कुम्भों से अधिक दिव्य और भव्य बनाना चाहते हैं। इसी के तहत देश दुनिया से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सबसे खास बात ये है कि यहां की तैयारियां कुछ इस तरह की गई हैं कि महाकुम्भ की आभा देख लोगों को एक अलग तरह की दुनिया का एहसास होगा। महाकुम्भ में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को देवलोक की दिव्य अनुभूति होगी। यहां 30 अलग अलग पौराणिक महत्व के तोरण द्वार बनाए गए हैं। प्रदेशभर से आए कारीगरों ने पूरे उत्साह से इसे अंजाम दिया है।

# अंबाला

## कोहरे को देखते हुए आमजन वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करे : उपायुक्त

**अंबाला शहर :** जिला प्रशासन की ओर से सर्दी व घने कोहरे को देखते हुए लोगों से सावधानी बतरने का अनुरोध किया गया है। साथ ही कोहरे के कारण वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों को सर्दी से बचाव के लिए एतिहात बतरने की सलाह दी है। उपायुक्त ने जिलावासियों से शीत लहर व अत्याधिक सर्दी के चलते बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। इन दिनों क्षेत्र में शीतलहर व कड़ाके की ठंड पड़ रही है। थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है। उपायुक्त ने कहा है कि शीत-घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें। उपायुक्त ने कोहरे को देखते हुए आमजन से वाहन चलाते समय सडक सुरक्षा नियमों की पालना करते हुए अतिरिक्त सावधानी बरतने का भी आह्वान किया है।

## 5 जनवरी से पूर्व अपने राशन डिपो पर जाकर ई-केवाईसी करवाएं बी.पी.एल. व ए.ए.वाई राशन कार्ड धारक

**अंबाला शहर :** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक अपार तिवारी ने बताया कि महानिदेशक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा द्वारा निर्देश दिए गए है कि जिला अम्बाला के शत-प्रतिशत पी.डी.एस. लाभार्थियों (प्रत्येक बी.पी.एल. व ए.ए.वाई राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यो) की ई-केवाईसी पोस मशीन में अंगुठा लगाकर 15 जनवरी 2025 तक करवाना सुनिश्चित करें। जिला अम्बाला के सभी पी.डी.एस. लाभार्थियों से उन्होंने अनुरोध किया है कि वह 15 जनवरी 2025 से पूर्व अपने राशन डिपू पर जाकर पोस मशीन में अंगुठा लगाकर ई-केवाईसी करवायें ताकि वह वर्तमान/भविष्य में सरकार द्वार पी.डी.एस. लाभार्थियों को जारी की जा रही सभी सुविधाओं/योजनाओं का लाभ ले सकें।

## थाना पड़ाव क्षेत्र से अवैध हथियार देसी कट्टा व दो जिन्दा रौन्द सहित बालक संरक्षण में

**अम्बाला छावनी :** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना पड़ाव क्षेत्र रेलवे अण्डर ब्रिज बन्धु नगर के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में 05 जनवरी 2024 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए एक बालक को देसी कट्टा व दो जिन्दा रौन्द सहित संरक्षण में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया। सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि थाना पड़ाव क्षेत्र रेलवे अण्डर ब्रिज बन्धु नगर के पास अवैध हथियार सहित कोई नौजवान खड़ा है जो किसी भी अप्रिय घंटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पड़ाव क्षेत्र रेलवे अण्डर ब्रिज बन्धु नगर के पास संदिग्ध नौजवान को संरक्षण में लेकर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे देसी कट्टा व दो जिन्दा रौन्द बरामद किए। मौका पर जुनाइल आफिसर को बुलाकर विधिनुसार कार्यवाही कर बालक को बाल संरक्षण गृह भेजा गया।

## 7 दिवसीय एन.एस.एस कैंप में वॉलिंटियर्स ने किया जपजी साहब का पाठ



जपजी साहब का पाठ करते प्रधानाचार्या सुखजिंदर कौर कीथ व विद्यार्थी।

**अम्बाला छावनी :** सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को एन.एस.एस कैंप के पांचवें दिन का प्रारंभ सर्वप्रथम लक्ष्य गीत गाकर किया गया। कैंप के दौरान उपस्थित अध्यापकों ने वॉलिंटियर्स को योगाभ्यास करवाया। साथ ही साथ बच्चों को व्यायाम भी करवाए गए।एन एस एस कैंप के पांचवें दिन के आयोजन में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखजिंदर कौर कीथ उप प्रधानाचार्य रीटा शर्मा तथा अध्यापकों सहित बच्चों ने गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष में जपजी साहब का पाठ किया तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या ने गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष में अपने भाषण में गुरु गोविंद सिंह जी की कुर्बानियों के बारे में बच्चों को बताया। वॉलिंटियर्स ने एन एस एस कैंप के दौरान श्रमदान देकर विद्यालय का नाम रोशन किया एवं उप प्रधानाचार्य रीटा शर्मा ने भी गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा। एन एस एस कैंप के पांचवें दिवस के आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्या,उप प्रधानाचार्य विद्यालय की एन.एस.एस की पी.ओ अंजू औजला, सीमा शर्मा एक्टिविटी इंचार्ज मैडम ललिता चोपड़ा, एन.एस.एस वॉलिंटियर्स सहित उपस्थित रहे।

## लाहा नदी पर बन रहें नए पुल से करीब 2 क्विंटल सरिया चोरी होने पर मामला दर्ज

**नारायणगढ़ :** गांव लाहा नदी पर बन रहे नये पुल से लोहे का 2 क्विंटल सरियां चोरी होने पर नारायणगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार ने संजीव कुमार निवासी गांव इसरहेडी जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस थाना नारायणगढ़ में शिकायत देकर आरोप लगाया कि वह दुर्गा कन्सट्रक्शन कम्पनी मे सिविल इन्जीनीयर के पद पर कार्यरत है। हमारी कम्पनी सडको पर पूल बनाने का का कार्य करती है और कम्पनि ने नारायणगढ गांव लाहा के पास पूल बनाने का ठेका लिया हुआ है और हमारी साईट पर काफी कटपीस सरिए व अन्य सामान वा लोहे का सामान काफी मात्रा मे पड़ा रहता है। 31 दिसम्बर 2024 को मै साईट पर मौजुद था शाम के समय करीब 4 बजे एक मोटर साईकल पर दो नौजवान लडके हमारी साईट पर आए दोनों मुझ से मजदुरी का काम करने बारे बातचीत करने लगे जो बात करते.2 दोनो लड़के बेवजह इधर-उधर की बाते करने लगे और साईट पर ईधर उधर घुमने लगे जिनमे से एक लड़के ने अपना नाम प्रींस वासी रायेपुर विरान नारायणगढ बताया और दुसरे ने भी अपना नाम बताया था और फिर कुछ देर बाते करने के बाद दोनो लड़के मोटर साईकल पर वहां से चले गए थे। हम अपने कार्य मे व्यस्त हो गए और अगले दिन सुबह करीब नौ बजे साईट पर पड़े सरिया वा अन्य सामान को चैक किया तो पुल के पश्चिम छोर की साईड मे पडे अन्य सरिऐ के पीस जिनकी लम्बाई करीब दो मीटर व जेएसडब्लु मोटाई 32 एमएम व 20एमएम जिसका वजन करीब 2 क्विंटल था। वह सभी गायब था। उसने शक जताया कि वही लड़के दोनों ने वहां से सरियां चुराया है। इसपर नारायणगढ़ पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया।

## यूएचबीवीएन की तरफ से आज होगा समस्याओं का समाधान

अंबाला शहर जनवरी : बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने के लिए यूएचबीवीएन की तरफ से आज 7 जनवरी को प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया जायेगा। उन्होने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि सर्कल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में बिजली सम्बन्धित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। उन्होने कहा कि ऐसे सभी उपभोक्ता जिनका बिजली संबधी केस न्यायालय में विचाराधीन है, जिनकी शिकायत एवं मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होगे। इसके अलावा बिजली चोरी सम्बन्धित शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

## हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने अपने आवास पर जनता दरबार का आयोजन किया



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** आज हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने अपने आवास पर जनता दरबार का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस जनता दरबार में राज्य भर से लोग विभिन्न समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए पहुंचे थे। जनता दरबार में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से जुड़ी कई समस्याओं को लेकर लोग आए। श्री ढांडा ने सभी लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन समस्याओं को त्वरित और प्रभावी तरीके से हल करें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है और यह जनता दरबार उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जानना और उनका समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करने की कोशिश की जा रही है। जनता दरबार में आई कुछ प्रमुख समस्याओं में ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, पेयजल की समस्या, और सड़क मरम्मत की मांग शामिल थीं। श्री ढांडा ने शिक्षा से जुड़ी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षा विभाग इन मुद्दों पर जल्द से जल्द कार्यवाही करेगा। इस दौरान मंत्री महोदय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की शिकायतों को समयबद्ध तरीके से हल करें और जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को समझना और उन्हे।

## गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व, हर्षोल्लास, उत्साह व उमंग से मनाया जाए समारोह : उत्तम सिंह

### उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला अधिकारियों की ली बैठक और दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा एक राष्ट्रीय पर्व है। इस पर्व को गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाए और सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियों में जुटे जाए। गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ करनाल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उन अधिकारी, कर्मचारी, मेधावी छात्रों व खिलाड़ियों तथा एनजीओ और समाज सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम सम्मानित होने के लिए भेजें जाए जिन्होंने वास्तव में अपने विभाग के माध्यम से जनता के लिए बेहतरीन कार्य किया हो। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी अपनी सिफारिश सहित इन नामों की सूचि जल्द से जल्द




नगराधीश करनाल कार्यलय / उपायुक्त कार्यालय की फूटकर शाखा कमरा नम्बर 26 प्रथम मंजिल लघु सचिवालय करनाल में भेजें। उन्होंने बताया कि समारोह में परेड की टुकड़ी शामिल रहेंगी। ये सभी टुकडि?ां एसडीएम करनाल, एमडी शुगर मिल करनाल, नगराधीश, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा जिला शिक्षा अधिकारी की देखरेख में पूर्व अभ्यास करेंगी। उन्होंने बताया कि समारोह में स्कूली बच्चों का सामूहिक मास पीटी शो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहेंगे तथा विभिन्न विभागों की ओर से सुंदर झांकियां भी निकाली।

## करनाल के सरकारी दफ्तरों में ई-ऑफिस व्यवस्था जल्द- उत्तम सिंह

**करनाल सुखविंदर सोही**




**करनाल।** जिला के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस की व्यवस्था जल्द की जायेगी। हर जिला कार्यालय के एक कर्मचारी को एनआईसी द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। मास्टर ट्रेनर ही फिर अपने कार्यालय के अन्य कर्मचारियों को ट्रेनिंग देगा। ई-आफिस से न केवल कार्य में पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि कागज की बचत होगी। किसी भी समय निर्धारित दस्तावेज को देखकर खोला जा सकता है। उपायुक्त ने आज जिला सचिवालय में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि ई-ऑफिस व्यवस्था पूरी तरह से लागू करने के लिये कमर कस लें। भविष्य में कार्यालय के सभी दैनिक कार्य ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। फाइलों को फिजीकली रूप से आगे बढ़ाने की प्रक्रिया को बंद किया जाये। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का अभिन्न अंग होने के नाते ई-आफिस सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है। आज की बैठक 11 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सभी मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों के साथ आयोजित की जाने वाली कांफ्रेंस के दृष्टिगत बुलाई गई। बैठक में करीब 3 दर्जन विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने 30 ऐजंडा बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से 8 दिसंबर तक निर्धारित फार्म में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को सडकों के किनारे लगे कूड़ा-कर्कट के ढेर उठाने के लिये विशेष अभियान चलाने को कहा। बैठक में एडीएम यश जालुका, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, घरौंडा के राजेश सोनी, नीलोखेड़ी के अशोक कुमार, सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार, सीएमओ डा. लोकवीर, कृषि विभाग के उपनिदेशक वजीर सिंह, डीडी?

## हरियाणा राज्य आर्म बोकसिगं स्पोर्ट्स खेल जाट भवन रोहतक मे खेलते हुए 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किए



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** आप सभी आर्म बोकसिग स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों को खुशी होगी के महेंद्रा स्पोर्ट्स स्टेडियम मेरठ रोड खे्वडा के दो खिलाड़ियों ने सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए हरियाणा राज्य आर्म बोकसिगं स्पोर्ट्स खेल जाट भवन रोहतक मे खेलते हुए 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किए पदक ईश प्रकार है क्रातिक गढी असदपुर 14 आयु वर्ग ओर 40 से 44 भार वर्ग में स्वर्ण पदक क्रिष आंतिल नाधनोर 17 आयु वर्ग भार वर्ग +94 किलो मे स्वर्ण पदक प्राप्त किए ओर राष्ट्रीय आर्म बोकसिगं मे चयनित हुए दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट्स कोच सुधीर के पास महेंद्रा स्पोर्ट्स स्टेडियम खेवड़ा मे अभ्यास करते हैं यह आर्म बोकसिगं हरियाणा राज्य प्रतियोगिता 28-12-2024 से 30-12-2024 तक आयोजित कि गई इसके अलावा क्रातिक गढी असदपुर के लड़के ने वेसट इंडिया कराटे प्रतियोगिता मे जो 3-1-2025 से 5-1-2025 तक योगा भवन कुरुक्षेत्र में आयोजित कि गई ईश कराटे प्रतियोगिता में क्रातिक ने कराटे फाईट में 14 आयु वर्ग में 40 से 42 भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया कराटे प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों से लगभग 535 बच्चों ने भाग लिया ईन खिलाड़ियों ने पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में भाग लिया हुआ है कुनाल प्रियांशु अरमान आंतिल ओर कोच सुधीर ने आगे भी बहुत अच्छा खेल खेलने कि भावना से सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं ओर बधाई दि धन्यवाद।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना या विस्तार के लिए दी जा रही 35 प्रतिशत सब्सिडी : उपायुक्त



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। आवेदन के लिए उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सब्सिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1200 से अधिक इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है। इच्छुक उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए ईमेल

## वृद्ध आश्रम में किया महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम




बराड़ा, जनवरी : राष्ट्रपति युवा अवॉर्डी स्व तरुण कौशल की तीसरी पुण्यतिथि पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने वृद्ध आश्रम बराड़ा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम किया।कार्यक्रम में समाजसेवी दिनेश चौहान (रोकी राणा) मुख्य अतिथि, धर्म राज, कर्ण सिंह व सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल विशेष तौर पर पधारे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने स्व तरुण कौशल को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। ट्रस्ट के चेयरमैन ने तरुण कौशल के जीवन काल के दौरान किए गए विभिन्न कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि गांव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है, जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामाजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यातिथि दिनेश चौहान ने ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए बताया कि स्व तरुण कौशल द्वारा किए गए सामाजिक हमारे लिए प्रेरणा दायक हैं। हमें गर्व है कि ट्रस्ट के साथियों ने उनके जाने के बाद भी इस कारवां को चलाया हुआ है। साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम का बनाया जाना हमारे क्षेत्र लिए बहुत ही खुशी की बात है। ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य बलजिंदर कुमार ने बताया कि स्व तरुण कौशल की पुण्यतिथि पर क्षेत्र में लगातार सात दिन किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज हमने वृद्ध आश्रम बराडा में डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से महिलाओं को सम्मानित किया है। इस अवसर ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर, नवीन गुप्ता, मदन गोपाल धीमान, राहुल छाबड़ा, आदेश कुमार, पूजा, सिमरन व अन्य ट्रस्ट के सदस्यों सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हरियाणा की हिमांशी व भूमिका भी बैंकाक में दिखाएंगी प्रतिभा



### एशियाई रोड साइकिलिंग के लिए भारतीय टीम का चयन कलायत में कटरा दिल्ली एक्सप्रैस हाईवे पर

कलायत जनवरी : बैंकॉक थाईलैंड में 6 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाली एशियन रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय साइकलिंग टीम का चयन कटरा दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर भारतीय साइकलिंग महासंघ द्वारा गया। महासंघ के संयुक्त सचिव एवं हरियाणा राज्य साईकलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर की देखरेख मे चयन किया गया। ट्रायल का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर दिल्ली कटरा एक्सप्रेस हाईवे एक प्रोजेक्ट मैनेजर बलकार सिंह ठाकुर तथा सीनियर मैनेजर मनोज कुमार सिंह ने किया। संघ के महासचिव नीरज तंवर ने कहा कि एशियन रोड साइकलिंग प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के लिए 40 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल अक्षय त्यागी दिल्ली से, आशीर्वाद सक्सेना तेलंगाना से, मानव शारदा राजस्थान से, महिला वर्ग के लिए 30 किलोमीटर का इंडिविजुअल टाइम ट्रायल जसमीत कौर सेखों पंजाब से, हिमांशी सिंह हरियाणा से, पूजा लेंगा राजस्थान से, जूनियर लडकों के लिए 30 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल राम अवतार राजस्थान से, महावीर शरण राजस्थान, अशोक राव राजस्थान तथा जूनियर महिला वर्ग के लिए 20 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल हर्षिता जाखड़ राजस्थान, जूही नारकर महाराष्ट्र, भूमिका हरियाणा का ट्रायल के आधार पर भारतीय साइकलिंग टीम का चयन हुआ। महासंघ के सहायक सचिव ने बताया कि इस ट्रायल में विभिन्न प्रदेशों के 60 से ज्यादा खिलाडि?ों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर महासंघ के सहायक सचिव वीएन सिंह रोशन, उपाध्याय संयुक्त सचिव एवं हरियाणा प्रदेश के महासचिव नीरज तंवर, जगदीश असीजा, प्रवीण कुमार, जोगिंदर सिंह, कुलदीप सिंह वडैच, राजेश कौशिक, सुनील समाना सतविंदर सिंह, विक्की श्रवन डूड्डी, अशोक कुमार निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

## राहगीरों को चाकू व तलवार दिखाकर अंतर्राज्यीय लूट गैंग के 2 आरोपी गिरफ्तार

थानेसर जनवरी : जिला पुलिस ने एसपी वरुण सिंगला के मार्ग दर्शन में अंतर्राज्यीय लूट की वारदातों में शामिल दो आरोपियों कमलदीप पुत्र शोभराज वासी जनसुई व दीपक उर्फ गोलू पुत्र सुरेश कुमार वासी गौरसिया जिला अम्बाला को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि 22 दिसम्बर 2024 शाहाबाद पुलिस को दी शिकायत में राजू लाल बागड़ी व मदन लाल वासी जिला झालावाड राजस्थान ने बताया कि वह दोनो एबीआर रोड लाईस प्राईवेट लिमिटिड मोहडा (अम्बाला) में ड्राईवर हैं। 14 दिसम्बर को आदेश हस्पताल के पास अज्ञात व्यक्तियों ने उनको रोक कर गर्दन पर चाकू व मदन लाल की गर्दन पर तलवार रख कर दोनों के पास से मोबाईल, पर्स व करीब 13 हजार रुपए तथा उनके कागजात छीन लिए। करीब 1 घंटे में उन्होंने उनके खाते की छानबीन करके राजू लाल के खाते से करीब एक लाख रुपए निकाल लिए। इसके बाद उन्होंने मोबाईल खरीदा तथा उसके फोन से दुकानदार को पैसे अदा किए। शिकायत पर शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक देवेन्द्र को सौंपी गई। बाद में जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई। टीम ने लूट की वारदात को सुलझाते हुए कमलदीप व दीपक उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपियों के खिलाफ पहले भी दर्ज हैं मामले




**जानकारी** देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों ने थाना इस्माईलाबाद मे 24 दिसम्बर को ठसका अली के पास गैस डिलीवरी करने वालों से 18740 रुपए, 2 मोबाईल फोन लूटकर भाग गए थे। इसी प्रकार आरोपियों ने 25 दिसम्बर को थाना घनौर जिला पटियाला मे एसबीआई सेवा केन्द्र पर लूट की थी। आरोपी कमलदीप पुत्र शोभराज वासी जनसुई थाना नगल जिला अम्बाला के खिलाफ जिला अम्बाला के अलग-अलग थानों में वर्ष 2019 में 6 मामले दर्ज हैं तथा एक मामला थाना इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र में दर्ज है। आरोपी दीपक उर्फ गोलु के बारे मे जानकारी हासिल की जा रही है।

# बेतिया के वृद्धा सेवा आश्रम में निशुल्क मेगा चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ – रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार




**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**बेतिया (बिहार)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद श्रद्धेय सुशील मोदी के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ बेतिया के द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत स्थानीय बेतिया के बरवत सेना स्थित शांति हरि सुधन्य चंद वृद्धा सेवा आश्रम के प्रांगण में निशुल्क मेगा चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, वृद्ध आश्रम के संचालक अविनाश गोलदारजी एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस वृद्धाश्रम में रह रहे सभी 48 वृद्धजनों का ब्लड प्रेशर, हृदय की गति, छाती एवं पेट की जांच, हड्डी एवं जोड़ संबंधित बीमारी की जांच समेत अन्य सभी बीमारी की सघन जांचोपरान्त निशुल्क दवा वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार, जिला सहसंयोजक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ साकेत झा, सर्जन डॉ कुमार शुभम, फिजिशियन डॉ रवि पांडे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अनामिका , कार्य समिति सदस्य राजन पूषन अजय कुमार विकास ठाकुर समेत कई चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ ने कहा कि बिहार के पुनर्निर्माण के नायक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के जयंती पर इस प्रकार का चिकित्सा शिविर लगाकर वृद्ध जनों का सेवा करना सबसे बड़ा परोपकार का काम है। सुशील मोदी जी के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला संयोजक डॉ उमेश कुमार ने कहा कि भाजपा हमेशा से समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब एवं असहाय लोगों का सेवा करने में विश्वास रखती है। इसी क्रम में हम लोग आज इस वृद्धाआश्रम में सभी वृद्ध जनों का इलाज करने के लिए उपस्थित हुए हैं। इस मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक यादव, जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, जिला मंत्री राजन सोनी, अनीश कुमार, राधेश्याम पटेल सफेद कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड प्रान्त की निर्माण यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों में रहा भ्रमण

**कालपी-उरई**

हमाओ बुंदेलखंड प्रांत बनाने की उम्मीदों को संजोये राजा बुंदेला के नेतृत्व में चल रही यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों में जोरदार स्वागत किया तमाम लोगों ने बुंदेलखंड निर्माण के लिये सहमति जताई।

गौरतलब हो कि 26 दिसंबर से जनपद जालौन के सैदनगर नगर से प्रारंभ होकर पूरे जनपद में संपर्क करती हुई 7 जनवरी को कालपी नगर में प्रवेश करेगी।

सोमवार को फिल्म स्टार राजा बुंदेला के नेतृत्व में यात्रा महेवा विकासखंड के ग्राम पिपरौंधां, बेरई, मगरौल, आदि स्थानों में पहुंची तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। कई स्थानों में ग्रामीणों ने बुंदेलखंड निर्माण के लिए सहमत प्रकट की।

7 जनवरी को यात्रा का कालपी नगरमें जगह-जगह स्वागत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया जाएगा। हाथ कागज उद्योग के उदुमिओ तथा पदाधिकारी बुंदेलखंड निर्माण यात्रा का स्वागत करेगे। उन्होंने यात्रा का समर्थन करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में बड़ी मात्रा में खनिज संपदा तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके बुंदेलखंड में घर-घर खुशी लाई जा सकती है।




ग्राम प्रधान कीरतपुर पवन दीप निषाद जिन्होंने यात्रा में जमकर हिस्सा लिया है ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव-गांव पांव पांव यात्रा का पूरे जनपद में व्यापक समर्थन मिला है राजा बुंदेला को जनपद में मिल रहे हैं समर्थन से बहुत अधिक उत्साहित हैं पवनदीप ने बताया की यात्रा का का भवय स्वागत करने हेतु तैयारी जोरो पर हैं ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष राजू पाठक व रामो वामो क्लब के अध्यक्ष महेंद्र गौतम ने बुंदेलखंड प्रांत बनाओ यात्रा का समर्थन करते हुए कहा इस यात्रा से शहर के नागरिक जमकर हिस्सा लेंगे कालपी ऐतिहासिक नगरी है इसलिए स्वागत भी ऐतिहासिक होगा ऑपरेशन विजय नामक महत्वपूर्ण संस्था के अध्यक्ष राम प्रकाश सेंगर ने यात्रा का समर्थन एवं स्वागत करने का फैसला लिया है शहर के सभी नागरिकों से विनम्र अपील की गई है कि 7 जनवरी को सुबह 10 बजे मुन्ना फुल पावर चौराहा में पहुंचेगी।

# दो चोरों को पुलिस ने सामान सहित दबोचा




**कोंच**

मंदिर से घंटा चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने चोरी के सामान सहित 2 चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुँवरपुरा में तालाब किनारे स्थित देवी माता मंदिर से पीतल के घंटे चोरी कर लिए गए थे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस चोरों की गिरफ्तारी में जुटी थी।क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार पचौरी के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर मंडी चौकी प्रभारी नीतेश कुमार ने पुलिस बल के साथ पंचानन चौराहा पेट्रोल पंप के पास से सोहेल मंसूरी पुत्र आजाद, इकबाल मंसूरी पुत्र इद्दु को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से पुलिस ने चोरी किए गए पीतल के 2 घंटे सहित लोहे का कटर, हथोड़ी, प्लास पेचकस, टार्च, सब्बल, आदि सामान बरामद कर चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

## प्रगति मैदान दिल्ली में कालपी के हाथ कागज उत्पादों का लगा स्टॉल

**कालपी-उरई** । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कालपी के निर्मित हाथ कागज उत्पादनों को शिखर पर लाने के लिए पहल तेज हो गई है। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित मेले में नावार्ड के तत्वाधान में कालपी के हस्त निर्मित कागज के उत्पादों का स्टॉल लगाया गया है।

उद्यम पंकज पांडेय की देखरेख में पंडाल का संचालन कर हस्त निर्मित कागज की खूबियां एवं उसका इतिहास बता रहें है। उ.प्र. हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रगति मैदान नई दिल्ली में उद्यमी के द्वारा संचालित स्टॉल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कालपी के हाथ कागज उत्पादों को एक नई पहचान मिलेंगी, इससे निकट भविष्य में बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

# बाइक चालक को माला पहनाकर हैलमेट लगाने की दी सलाह

**जालौन-उरई**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर के देवनगर चौराहे पर एआरटीओ ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सोमवार को नगर के देवनगर चौराहे पर वाहन चालकों को जागरूक किया। चौराहे से बिना सीट बैल्ट, बिना हैलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को रोककर उन्हें माला पहनाई गई। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देकर बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से जान जाने का जोखिम कम से कम होता है। आप जब घर से निकलते हैं तो आपके वापस घर लौटने पर आपके परिवार के सदस्य आपका इंतजार करते हैं। यातायात नियम आपकी सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं। इसलिए आप यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इससे न सिर्फ आप स्वयं को बचा सकते हैं बल्कि सड़क पर दूसरों के लिए भी खतरा पैदा नहीं करेंगे। आप यह सोचकर चलें कि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है। कोहरे में वाहन अधिक गति पर न चलाएं और सामने वाहन आने पर लो बीम लाइट का प्रयोग करें। साथ ही नशे का सेवन कर कदापि वाहन न चलाएं। इतना ही नहीं भारत को भी विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जरूरी है कि सड़क दुर्घटनाएं कम से कम हों और इन आंकड़ों को कम करने में आप ही मदद कर सकते हैं।

## निर्माणाधीन होटल को चोरों ने बनाया निशाना



**जालौन-उरई।** छिरिया मलकपुरा चौकी से चंद कदम दूरी पर निर्माणाधीन होटल को चोरों ने बनाया निशाना। अज्ञात चोर होटल में रखे जेनरेटर का सामान खोलकर ले गये। पीड़ित चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी जयदीप तिवारी छिरिया मलकपुरा चौकी से कुछ दूरी पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास एक होटल का निर्माण करा रहे हैं। निर्माणाधीन होटल में जेनरेटर रखा था। रविवार की रात अज्ञात चोर वहां पहुंच गए। चोरों ने जेनरेटर औजारों की मदद से जेनरेटर का सामान चोरी कर लिया। सुबह जब स्वामी वहां पहुंचे तो जेनरेटर का सामान चोरी की सूचना पुलिस को दी। चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई चोरी की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और चोरी की घटना को लेकर जानकारी ली और पुलिस की तलाश शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## आटा-इटौरा की 10 किमी. सड़क 20 करोड़ की लागत से होगा निर्माण विधायक की पहल पर 5 करोड़ की धनराशि आवंटित

**कालपी -उरई ।** क्षेत्रीय विधायक की पहल पर 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र में 20 करोड़ रुपए की लागत से 10 किमी. लंबी सड़क को शासन से मंजूरी मिल गई है तथा शासन के द्वारा पहली किस्त के रूप में 5 करोड़ रुपए की धनराशि को भी आवंटित कर दिया गया है। मालूम हो कि आटा-इटौरा माघ की 10 किलोमीटर लंबी सड़क काफी ऐसे से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई थी। उक्त सड़क के निर्माण तथा चौड़ीकरण के लिए क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा विभागीय अधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। विधायक की पहल पर उक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल गई है, विधायक ने बताया कि शासन से अनुसचिव अभय प्रताप श्रीवास्तव ने प्रमुख अभियंता विकास लोक निर्माण विभाग लखनऊ को शासकीय पत्र भेज कर अवगत कराया है कि आटा-इटौरा मार्ग के लिए किमी. 1 से 10 तक 9.725 किमी, चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी हैं। 20 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय उरई के द्वारा कराया जाएगा। विभागीय अवर अभियंता ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि अभी इस सड़क की चौड़ाई मात्र 3 मीटर हैं, लेकिन अब 5.50 मीटर चौड़ाई की 9.725 किमी. लम्बाई की सड़क निर्मित होगी। उक्त कार्य की टेंडर प्रक्रिया में शामिल हो गया है।

## शीतकाल में सीएचसी में डाक्टरों ने 40 महिलाओं की नसबंदी ऑपरेशन तथा 15 सीजिरेयशन डिलीवरी की

**कालपी -उरई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में आधुनिक ऑपरेशन थियेटर (ओटी) के शुरू हो जाने के बाद से 40 महिलाओं की नसबंदी तथा15 महिलाओं की सीजियरेशन विधि से डिलीवरी सफलता पूर्वक की है। महिलाओं को चिकित्सीय सुविधाओ का लाभ मिलने से जनता ने राहत महसूस की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. विशाल सचान, महिला चिकित्सक डॉ. रूबी सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार, स्टॉप नर्स ममता देवी की टीम के द्वारा सीएचसी में 40 महिलाओं की नसबंदी की जा चुकी हैं जबकि प्रसव पीड़ित महेवा गांव की एक महिला का सीजिमेरेशन ऑपरेशन कराया गया है। तीमारदार दीपू सिंह चौहान ने बताया कि सीजिरेयशन ऑपरेशन के बाद जच्चा बच्चा की हालत ठीक है। कालपी में सुविधा हासिल होने से हम लोगों का समय तथा धन की बचत हुई है। चिकित्साधिकारी डॉ.विशाल सचान ने बताया कि अक्टूबर माह से में 40 महिलाओं के सफलतापूर्वक नसबंदी के ऑपरेशन किये जा चुके हैं तथा 15 प्रसव पीड़ित महिलाओं को सीजियरेशन ऑपरेशन हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि शासन के द्वारा महिला रोगियों को पर्याप्त सुविधाएं तथा खानपान भी उपलब्ध कराया जाता हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि अब कालपी क्षेत्र के महिला मरीजों को सी सीजियरेशन ऑपरेशन करने के लिए बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी सुविधाओं के साथ कालपी में सीजियरेशन ऑपरेशन करने की व्यवस्था चल रही है। सभी लोग शासन की योजना तथा चिकित्सकीय सुविधा का लाभ उठाएं।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की तहरीर पर बाईक चालक पर मुकदमा दर्ज

**जालौन-उरई।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 17 दिसंबर को वह शाम करीब पांच बजे चुंगी नंबर चार के पास अपने एक साथी का इंतजार सड़क किनारे खड़ा होकर कर रहा था। इसी दौरान औरैया की तरफ विपरीत दिशा में जा रही बाइक के चालक ने बेकाबू होकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। वहां मौजूद उसे सीएचसी ले गए जहां से उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया। अभी भी उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कालपी सहित आधा दर्जन स्थानों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**कालपी -उरई ।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-2 योजना के तहत हाईटेंशन लाइन का निर्माण कार्य होने के कारण कालपी सहित आधा दर्जन स्थानों के विद्युत सब स्टेशनों में 6 जनवरी से 11 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप्प रहेगी। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता इंजी. महेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि विद्युत परेषण खंड उरई के अंतर्गत योजना के तहत 400 केवी बांदा उरई लीलो लाइन का निर्माण कार्य चालू होने से उक्त लाइन के लोकेशन संख्या 16 तथा 18 के मध्य ग्राम सरसेला के 400 केवीए प्रेशर केंद्र में हाई प्रेशर लाइन परेषण केंद्र में हाईटेंशन लाइन क्रॉस कर रहीं है। जिस कारण स्ट्रिंगिंग कार्य के लिए 33/11 केवी नियमानुसार लाइन के शट डाउन की आवश्यकता होती हैं। शट डाउन लेंने वाले केवी इटौरा फीडर, पसौरा फीडर, कालपी फीडर तथा 11 केवी के भदरेखी फीडर शामिल हैं, उन्होंने बताया कि उक्त फीडरों की विद्युत सब स्टेशनों की आपूर्ति सप्लाई बंद रहेंगी।

# हाड़ कपाऊ ठंड से बाजारों में पसरा सन्नाटा

## दुकानदार जला रहे दुकानों के बाहर अलाव



**कोंच**

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबार से मैदानी इलाकों में ठंड गरीबों पर भारी पड़ रही थी, ऊपर से कोहरे ने स्थिति और बिगाड़ कर रख दी है। बैरोमीटर में 7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़के पारे के चलते शुरू हुई शीत लहर गरीबों पर भारी पड रही है। बाजारों की रौनक गायब है और दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं लेकिन ठंड तो उन्हें भी सता रही है इसलिए दुकानदार आपस में मिलकर लकड़ी का इंतजाम कर अलाव जला रहे हैं।

बीते पन्द्रह रोज से अचानक बढी ठंड ने लोगों को घरों से निकलने पर मजबूर कर दिया है। जो अपने कामों से घरों से बाहर हैं ऐसे लोग अलावों के गिर्द सिमटे नजर आ रहे हैं। सरकारी दफ्तरों में भी कर्मचारी ठंड के मारे सिकुड़ते नजर आ रहे हैं। पालिका प्रशासन की ओर से हालांकि अलावों की व्यवस्था कराई जा रही है लेकिन अलाव नाकाफी साबित हो रहे हैं।और जहां लकडी भेजी जा रही है वह भी इतनी गीली कि उसको जलाना अपने आप में एक चुनौती है।

# नदीगांव थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न



**कोंच**

नदीगाँव थाना में थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता और नगर पंचायत अध्यक्ष रामस्वरूप कुशवाहा की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई बैठक में थानाध्यक्ष ने उपस्थित सभासदों, प्रधानों, व्यापारियों सहित सभ्रांत नागरिकों के साथ गांव सुरक्षा समितियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी यदि कोई छोटी से छोटी समस्या सामने आती है तो पुलिस को जानकारी अवश्य दें।उन्होने कहा तेज आवाज में डीजे कतई न बजायें। थानाध्यक्ष ने कहा कि गांवों में सुरक्षा समिति का गठन करने के लिए पुलिस गांव-गांव बैठक कर समिति गठित कर रही है जिससे कि गांवों में होने वाली अवैध गतिविधियों पर समिति से जुड़े सदस्य अपनी नजर रख सकेंगे। महाकुंभ तीर्थयात्रियों के क्षेत्र की सीमा से आने-जाने पर उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को परेशान न होने दें और उनकी हरसंभव मदद करें। बैठक में वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, मुकेश द्विवेदी, राम गिरीश, अमित शुक्ला, शुभम परमाल, प्रधान मुंशीलाल गिदवासा, बुद्धसिंह कुशवाहा, रामजीलाल, भारत सिंह, रविंद्र, कमलेश, सभासद मठू कुशवाहा, सूरज सिंह, पवन झा, साकिर, मुहम्मद जीशान हाशमी, कल्लूखान, सलामत खान, शमीम खान, जीतू परिहार, मुन्ना यादव, आदि मौजूद रहे।

# रामस्वरूप रावत इंटर कालेज में तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोंच**

एट रोड स्थित पं.रामस्वरूप रावत इंटर कालेज में 3 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया।नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ संजीव निरंजन, भाविप के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र निगम एड, प्रह्लाद कौशल, कालेज के प्रबंधक विजय रावत, अध्यक्ष राममोहन तिवारी, अमरेंद्र दुबे ने फीता काट कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।विद्यालय परिवार ने अतिथियो का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि पाठ्यक्रम शिक्षा के अलावा खेलकूद का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेलकूद से सर्वांगीण विकास होता है। प्रतियोगिताओं के पहले दिन एमपीडीसी कालेज के मैदान में कक्षा 8 और 9 एवं कक्षा 11 और 12 के छात्रों की टीम के मध्य अलग-अलग क्रिकेट मैच खेले गए।पहले मैच में कक्षा 9 की टीम ने कक्षा 8 की टीम को एकतरफ़ा मुकाबले में पराजित कर दिया। दूसरे मैच में कक्षा 11 की टीम ने रोमांचक मुकाबले में 3 रनों से कक्षा 12 की टीम को हरा दिया। एम्पायर की भूमिका में साहब सिंह यादव और सचिन झा रहे। बृजेंद्र झा और अशोक शर्मा स्कोरर रहे। कर्मचारी रामदास और संतराम की पिच बनाने में अहम भूमिका रही। प्रतियोगिताओं की अन्य व्यवस्थाओं में शिक्षक अमित तिवारी, पुनीत निरंजन, प्रमेन्द्र उपाध्याय, मोहन प्रमोद आदि शामिल रहे।

# एसएचओ ने बैंको का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी



**कोंच**

प्रभारी निरीक्षक ने बैंक शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था देखी तथा पीएनबी शाखा का निरीक्षण लिया। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने रेलवे क्रासिंग के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा में पहुंचकर वहाँ तैनात गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, अलार्म, कैश काउंटर की व्यवस्था देखते हुए लॉकर की सुरक्षा जांची। इस दौरान बैंक शाखा में मौजूद ग्राहकों से सुरक्षात्मक बिंदुओं को लेकर उन्होंने बातचीत की। संदिग्ध नजर आने वाले युवकों से प्रभारी निरीक्षक ने आवश्यक पूँछतांक्ष की। उन्होंने शाखा प्रबंधक सहित स्टाफ़ सदस्यों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति अथवा वस्तु बैंक के अंदर संदिग्ध प्रतीत होती है तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें।उन्होने ग्राहको से कहा कि लेन-देन करते समय सतर्क रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल : बुद्ध एयर के प्लेन में लगी आग, काठमांडू में की गई लैंडिंग

**काठमांडू।** नेपाल में बुद्ध एयर के एक विमान के बाएं इंजन में आग लगने के बाद काठमांडू में त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मैनुअल लैंडिंग की गई। विमान में क्रू मेंबर समेत 76 लोग सवार थे। इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नेपाल सरकार की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बुद्ध एयर का एक प्लेन बाएं इंजन में आग लगने की वजह से राजधानी काठमांडू से 43 किलोमीटर पूर्व में पहुंच गया था। जिसके बाद यह सिंगल इंजन पर फ्लाय करके काठमांडू लौट आया। सुबह 11.15 बजे त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इसकी मैन्युल लैंडिंग की गई । प्लेन में सवार सभी यात्री और क्रू मेंबर पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### मायावती के भतीजे बोले-केजरीवाल के वादे द्रौपदी की साड़ी जैसे

**नई दिल्ली।** बसपा अध्यक्ष मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल को-ऑर्डिनेटर आकाश आनंद का अरविंद केजरीवाल पर दिया बयान चर्चा में है। आकाश आनंद दिल्ली के कोंडली में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के वादे ऐसे हैं, जैसे द्रौपदी की साड़ी। ये फेंकते जाएं और हम लपेटे जाएं। आकाश आनंद पहले नेता नहीं हैं, जिन्होंने कोई विवादित बयान दिया है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव प्रचार के दौरान कई नेताओं के ऐसे बयान आ रहे हैं, जिन पर विवाद हो रहे हैं। रविवार को ही भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी के गालों जैसी सड़क बनाने का बयान दिया था। इस पर कांग्रेस ने विरोध जाहिर करते हुए कहा था- संघ की मानसिकता को ऐसे ओछे नेताओं के बयान जाहिर कर देते थे।

### देश के कुछ कट्टरपंथी मुसलमान माहौल बिगाड़ना चाहते हैं: गिरिराज

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने महाकुंभ 2025 पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस जमीन पर महाकुंभ 2025 की तैयारी की जा रही है, वह वक्फ की जमीन है और वहां मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक पोस्ट में कहा था कि जिस जमीन पर टेंट और शामियाना लगाया गया है, वह वक्फ की है। बता दें कि यह जमीन करीब 54 बीघा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बयान पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि देश में कुछ कट्टरपंथी मुसलमान माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। कुंभ का आयोजन इस्लाम की स्थापना से कई शताब्दियों पहले से होता आ रहा है। जब कुंभ से पहले इस्लाम नहीं था, तो कुंभ से पहले वक्फ कैसे हो सकता था? इसके अलावा, गिरिराज सिंह ने कहा कि ना तो राहुल गांधी और ना ही अखिलेश यादव और अन्य नेता इस बारे में कुछ बोल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, लालू यादव और ममता बनर्जी इस बारे में कुछ नहीं बोल पा रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है और वोट बैंक की राजनीति में शामिल लोगों ने ऐसी स्थिति बनाई हुई है।

### पत्रकार हत्याकांडः आरोपी ठेकेदार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड का मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड सुरेश चंद्राकर गिरफ्तार हो गया है। चंद्राकर को स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम ने 5 जनवरी की देर रात हैदराबाद से गिरफ्तार किया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी सुरेश, पत्रकार मुकेश चंद्राकर का चचेरा भाई है। मामले में सुरेश के 3 सगे भाइयों समेत 4 आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। मुकेश की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट के 15 निशान मिले थे। कितनी बुरी तरह हत्या की गई, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि लिवर के 4 टुकड़े मिले, गर्दन टूट गई और हार्ट फट गया था। 5 पसलियां भी टूटी हुई थीं। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर के मुताबिक दो या दो से अधिक लोगों ने मुकेश की हत्या की है। मुकेश के शरीर पर इतना तेज वार किया गया है कि शरीर के कई अंग जख्मी हो गए। मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर ने बताया कि उन्होंने 12 सालों में कभी ऐसा केस नहीं देखा। सुरेश चंद्राकर पेशे से ठेकेदार है और राजनीति से भी जुड़ा हुआ है। आरोप है कि मुकेश चंद्राकर ने ठेकेदार के भ्रष्टाचार की खबर बनाई थी। इसी बात से नाराज सुरेश ने मुकेश की हत्या करवाई। सुरेश ने बीजापुर में अपने बैडमिंटन कोर्ट परिसर में खाने के बहाने बुलाकर अपने भाई और सुपरवाइजर के हाथों मुकेश की हत्या करवा दी थी।

# महाकुंभ : अद्‌भुत कलाकृतियों से सजे प्रयागराज के रेलवे स्टेशन



## प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निभा रहा भारतीय रेलवे

**महाकुंभ नगर**

महाकुंभ 2025 की तैयारियों को डबल इंजन की सरकार भव्य स्वरूप दे रही है। खासतौर पर पूरे शहर का सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे प्रयागराज का कायाकल्प स्पष्ट रूप से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी नजर आ रहा है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे भी प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निखारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पेंट माई सिटी अभियान के तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है। इन स्टेशनों की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं को चित्रित करने वाली भव्य और आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई हैं। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये कलाकृतियां श्रद्धालुओं को प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराती हैं। रेलवे की यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाती है। इन कलाकृतियां में ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को दिखाया गया है।

### मेले से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने पर जोर

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य रूप देने में जुटी योगी सरकार

- » प्रमुख सचिव नगर विकास ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- » स्वच्छताकर्मियों के शिविर में समस्त आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएं, नियमित रूप से कॉलोनियों में हो अधिकारियों की विजिट
- » मेले में बनाई गई सभी टेंट सिटी में सेफ्टी अरेंजमेंट्स और फायर सेफ्टी को किया जाए सुनिश्चित
- » महाकुंभ के दौरान शहर में कहीं भी नहीं होगी डस्ट, प्रमुख स्थलों और मार्गों पर होगा छिड़काव
- » खुले में सड़क किनारे खाना बनाने वालों पर भी लगेगी रोक, मुख्य स्नान पर्व से पहले सभी मार्ग हों क्लियर

**महाकुंभ नगर**

महाकुंभ को भव्य और दिव्य रूप देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प के अनुरूप प्रयागराज में सभी तैयारियों को पुख्ता किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास की अध्यक्षता में महाकुंभ मेला क्षेत्र में विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं के साथ-साथ यहां काम कर रहे स्वच्छताकर्मियों का विशेष ध्यान रखा जाए। उनके कैंप्स में सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पूरा मेला क्षेत्र रोशन दिखना चाहिए। कहीं भी अंधेरा नहीं होना चाहिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने टॉयलेट्स में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, टेंट सिटी में सेफ्टी अरेंजमेंट्स और शहर में डस्ट को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार सिंह, सूचना निदेशक शिशिर उपस्थित रहे।



### टेंट्स में सेफ्टी अरेंजमेंट्स की होगी जांच

मेला क्षेत्र में पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित की गई टेंट सिटी को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि सभी में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली जाए। खासतौर पर सभी टेंट्स में सेफ्टी अरेंजमेंट्स और फायर सेफ्टी को डबल चेक कर लिया जाए। सभी टेंट्स में बिस्तर, हीटर की व्यवस्ता होनी चाहिए। पर्यटन विभाग के द्वारा बताया गया कि पूरे मेला क्षेत्र में कुल 2100 टेंट्स की क्षमता वाली टेंट सिटी बसाई जा रही है। इनकी बुकिंग ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। प्रमुख स्नान पर्व के लिए सभी टेंट सिटी बुक हो चुकी है।

### स्वच्छताकर्मियों को खास ख्याल रखने के निर्देश

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने मेला में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। निर्देश दिया कि स्वच्छताकर्मियों का खास ख्याल रखा जाए। कुम्भ के दौरान प्रधानमंत्री जी ने उनके पांव पखारे थे, इसे ध्यान में रखते हुए स्वच्छताकर्मियों की सैनिटेशन कॉलोनी, उनके बच्चों की पढ़ाई को लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिएं। नियमित रूप से उनकी कॉलोनियों में अधिकारियों की विजिट हो और कहीं कोई समस्या हो तो तुरंत उसका निस्तारण किया जाए। विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में 1.5 लाख टॉयलेट्स लगाए जा रहे हैं, जिन्हें 16 वेंडर्स स्थापित करने में जुटे हैं।

## वेबसाइट पर आए 183 देशों के 33 लाख से ज्यादा यूजर्स

मानवता की अमूर्त विरासत के रूप में प्रसिद्ध सनातन संस्कृति के सबसे बड़े मानव समागम महाकुंभ 2025 को लेकर सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोगों में जिज्ञासा है। अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए लोग इंटरनेट पर विभिन्न वेबसाइट्स और पोर्टल के जरिए महाकुंभ के बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं। इस जिज्ञासा का सबसे बड़ा समाधान उन्हें महाकुंभ की आधिकारिक वेबसाइट पर आकर मिल रहा है। वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार 4 जनवरी तक 183 देशों के 33 लाख से ज्यादा लोगों ने वेबसाइट पर आकर महाकुंभ के विषय में जानकारी हासिल की है। इन देशों में यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका समेत सभी कॉन्टिनेंट के लोग शामिल हैं।

### प्रतिदिन लाखों यूजर्स आ रहे वेबसाइट पर

महाकुंभ की वेबसाइट को हैंडल कर रही टेक्निकल टीम के प्रतिनिधि के अनुसार 4 जनवरी तक के डाटा के अनुसार अब तक 33 लाख 5 हजार 667 यूजर्स वेबसाइट पर आ चुके हैं। ये सभी यूजर्स भारत समेत पूरी दुनिया के 183 देशों से है। इन 183 देशों में से भी 6206 शहरों से वेबसाइट पर लोग आए हैं और उन्होंने यहां काफी समय भी बिताया है। वेबसाइट पर आने वाले टॉप-5 देशों की बात करें तो पहला नंबर निश्चित रूप से भारत का है, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी से भी लाखों लोग प्रतिदिन वेबसाइट पर आकर महाकुंभ के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं। टेक्निकल टीम के अनुसार वेबसाइट के शुभारंभ के बाद से बड़ी संख्या में लोग वेबसाइट पर आ रहे हैं।

# बाजार नहीं, सनातन धर्म की लोक आस्था का महाआयोजन है महाकुंभ

**अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती का विशेष साक्षात्कार**

- » सनातन संस्कृति में संत यानि आतंक के खिलाफ युद्ध के लिए तत्पर सैन्य शक्ति
- » जो भी हमारे समाज से टकराया है उसे संतों ने अस्तित्वहीन कर दिया



*महाकुंभ 2025 के शुरू होने में केवल कुछ ही दिन बचे हैं। लग्न, वार और तिथि तय है। भारत का सनातन लोक पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाने को आतुर है। ऐसे में कुछ असामाजिक लोगों और सनातन विरोधी गुटों ने कुंभ में विध्वंस की धमकी देना शुरू कर दिया है। ईश्वर कुंभ में लोक आस्था से ऊपर व्यवसायियों ने एक बहुत बड़ा बाजार भी खड़ा कर दिया है। कहीं न कहीं अपने इस महा आयोजन से लोक में एक भय का वातावरण बन रहा है। इन्हीं बिंदुओं पर सनातन भारत की एक प्रतिनिधि संस्था अखिल भारतीय संत समिति और गंगा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती से लंबी बातचीत की है। प्रस्तुत हैं उसी बातचीत के प्रमुख अंश...*

**प्रश्न : स्वामी जी, कुंभ में विध्वंस करने के लिए लगातार धमकियां आ रही हैं। खालिस्तानी गुरवंत सिंह पन्नू और एक अन्य मुस्लिम उपद्रवी नजर पठान की धमकियों को लेकर बहुत चर्चा है। आप इसे किस रूप में देखते हैं?**

**उत्तर :** जो लोग ऐसी धमकियां दे रहे हैं, लगता है उन्हें सनातन की इस शक्ति का इतिहास ही नहीं पता है। सनातन संस्कृति में संत समाज एक हाथ में शास्त्र और एक हाथ में शस्त्र लेकर इसकी रक्षा के लिए तत्पर रहता है। इतिहास में उदाहरण भरे पड़े हैं। जो भी हमारे समाज से टकराया है उसे संतों ने अस्तित्वहीन कर दिया है। इस धमकी से भारत का लोक और संत समाज डरने वाला नहीं है।

**प्रश्न : स्वामी जी, ऐसे देखा जा रहा है कि इस बार कुंभ में आस्था के ऊपर अर्थ प्रभावी हो रहा है। संत समाज इस पर क्या सोच रहा है?**

**उत्तर :** कुंभ लोक आस्था का महा आयोजन है। आस्था पर आतंक का कोई हमला संत समाज नहीं सहेगा। हमने इस बारे में सभी जिम्मेदार लोगों को अवगत करा दिया है। कुंभ कोई बाजार नहीं है। देश और दुनिया के सनातन साधक और लोक इसमें शामिल होने के लिए प्रयाग राज की ओर चल पड़ा है। सनातन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्ष के आखिरी माह में खरमास से ठीक पहले घट स्थापित कर इसका आरंभ कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ स्वयं इस महा आयोजन की व्यवस्था में प्राणप्रण से जुटे हैं। सब कुछ शास्त्रीय और लोक परंपरा के साथ चल रहा है किंतु हमारे भी संज्ञान में आया है कि अर्थ और व्यवसाय के भूखे कुछ लालची लोगों ने इस पवित्र पुण्य आयोजन का स्वरूप बिगाड़ने का भी पूरा इंतजाम कर लिया है। सोशल मीडिया और कुछ व्यावसायिक घरानों के सूचना माध्यमों और यूट्यूब के कथित पत्रकारों ने इसमें केवल व्यवसाय और अर्थ की तलाश शुरू कर दी है। यह अभियान कुंभ के नैसर्गिक स्वरूप को बिगाड़ रहा है।

**प्रश्न : क्या आपको भी लगता है कि बाजार हावी हो रहा है और लोक आस्था पीछे दिख रही है?**

**उत्तर :** अभी ऐसा नहीं है। सनातन का लोक किसी कुप्रचार या भय में आने वाला नहीं है। कुंभ ऐसा सम्मेलन है जिसमें आदिकाल से राजे महाराजे भी आस्था और श्रद्धा के साथ शामिल होते रहे हैं। कुंभ में आकर वे सनातन आस्था के लिए अपने राजकोष भी दान करते रहे हैं। सनातन की रक्षा, प्राणियों में सद्भावना और विश्व के कल्याण के उद्घोष के साथ कुंभ सभी सनातनियों के लिए समर्पण का आयोजन है जहां केवल आस्था लेकर लोग आते हैं और यहां संतों, मनीषियों, साधकों, महापुरुषों के साथ साथ पवित्र त्रिवेणी में स्नान और दान के साथ विदा होते हैं। अभी देखने में आ रहा है कि कुंभ की सनातन आस्था पर कुठाराघात करते हुए धन लोभियों ने जाल बिछा कर ठगी करने की योजना बना ली है। लाखों रुपए के कॉटेज और कमरों की पैकेजिंग के विज्ञापन चलाए जा रहे हैं। आस्था के इस महा आयोजन में ऐश की सामग्री दिखाकर ऐसे लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है जिनको सनातन और कुंभ से कुछ भी लेना देना नहीं है। ऐसे अर्थ लोभी, कामी और व्यवसाई लोगों को संत समाज कुंभ परिसर में कदापि किसी क्रियाकलाप की अनुमति नहीं देगा। जहां तक सुरक्षा की बात है तो संतों को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के सुरक्षा व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

**प्रश्न : कुंभ में सुरक्षा को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। आप इसे कैसे देख रहे हैं?**

**उत्तर :** यह मेरे संज्ञान में है कि कुंभ की सुरक्षा और यहां के कथित कीमती कॉटेज, पुलिस की कड़ाई और ऐसे अनेक कथानक फैला कर भारत के ग्रामीण और दूरदराज के सामान्य लोगों में एक भय का वातावरण बनाया जा रहा है। एक तरफ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री लोगों से कुंभ में आने और अपनी सनातन आस्था से जुड़ने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं और दूसरी ओर ये माध्यम महंगे प्रचार और अनावश्यक कहानियां गढ़ कर लोगों में महंगाई और सुरक्षा को लेकर भय का वातावरण बना रहे हैं। संत समाज की बहुत सूक्ष्म दृष्टि इन सभी गैर सनातनी गतिविधियों पर है।

**प्रश्न : सनातन का संत समाज कुंभ को लेकर क्या सोच रहा है और क्या संदेश देना चाहता है?**

**उत्तर :** कुंभ लोक का है और लोक के लिए ही रहेगा। कोई भी यदि कुंभ के स्वरूप को धन और अपने ऐश्वर्य के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश करेगा तो यह असहनीय है। यह साधना और लोक के महामिलन की बेला है। यह पुण्य की बेला है। यह दान की घड़ी है। यह सनातन के तप से विश्वकल्याण की कामना की घड़ी है। पृथ्वी पर एकमात्र सनातन संस्कृति है जो विश्व के कल्याण के लिए तप करती है। इसके लिए निरंतर कार्य करती है। हमारे लिए आस्था प्रथम है।

**चेतावनी** सात राज्यों में आपातकाल घोषित, बर्फ की चादर से ढंके रास्ते, आवाजाही में दिक्कत

# अमेरिका में 10 साल के सबसे बर्फीले तूफान का खतरा

**वॉशिंगटन**

अमेरिका के कई राज्यों में तूफान की वजह से एयर ट्रैफिक पूरी तरह रोक दिया गया है। अमेरिका में भीषण बर्फीला तूफान की वजह से कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि यह अमेरिका में पिछले 10 साल का सबसे भीषण बर्फीला तूफान हो सकता है। हालात देखते हुए अमेरिका के 7 राज्य केंटकी, वर्जीनिया, वेस्ट वर्जीनिया, कंसास, अर्कांसस और मिसौरी में इमरजेंसी लगा दी गई है। समाचार के मुताबिक, नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इस तूफान से अमेरिका के 6 करोड़ से ज्यादा लोगों का जीवन प्रभावित होगा। आमतौर पर गर्म रहने वाले फ्लोरिडा में भी में भारी बर्फबारी हो रही है। कंसास और मिसौरी के लिए खास चेतावनी जारी की गई है। नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इन दोनों राज्यों के कई इलाकों में आठ इंच तक बर्फबारी हो सकती है। यहां पर 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। रास्ते पूरी तरह बर्फ की चादर से ढंक गए हैं, लोगों को पैदल आवाजाही में भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



### पोलर वोर्टेक्स की वजह से आया तूफान

अमेरिका में इस बर्फीले तूफान की बड़ी वजह से ध्रुवीय भंवर को माना जा रहा है। ध्रुवीय भंवर भौगोलिक संरचना के कारण आमतौर पर नॉर्थ पोल के चारों ओर घूमता है, लेकिन जब यह दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में भारी ठंड लाता है। इन दिनों अमेरिका में यही हो रहा है, एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये ध्रुवीय हवाएं यूरोप और एशिया में चल सकती हैं।

### क्या खतरे हो सकते हैं

जब पोलर वोर्टेक्स चल रही हों, तब घर से बाहर निकलना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इस वक्त बिना विंटर किट के बाहर निकलने पर 5 से 7 मिनट में दिल का दौरा पड़ सकता है। इसके अलावा स्किन जम सकती है। ऐसे मौसम में गाड़ी भी स्टार्ट नहीं होती हैं। इससे बचने का सिर्फ एक ही उपाय है कि घर के भीतर ही रहें।

# गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड : एमिलिया पेरेज और द ब्रूटलिस्ट को मिले सबसे ज्यादा अवॉर्ड

## पायल कपाड़िया की भारतीय फिल्म दो श्रेणी में नामांकित, अवार्ड से चूकी

**कैलिफोर्निया**

कैलिफोर्निया में 82वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिए गए। भारत की तरफ से पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट को 2 श्रेणी में नामांकित किया गया था, फिल्म ये अवॉर्ड जीतने से चूक गई। ऑल वी इमेजिन एज लाइट को बेस्ट फिल्म (नॉन इंग्लिश) और बेस्ट डायरेक्टर की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। बेस्ट फिल्म कैटेगरी में फ्रांस की फिल्म एमिलिया पेरेज ने अवॉर्ड जीता। वहीं, बेस्ट डायरेक्टर का गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड डायरेक्टर ब्रेडी कॉर्बेट को फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिए मिला। भारत की ऑल वी इमेजिन एज लाइट को दो कैटेगरी में नॉमिनेट हुई थी। गोल्डन ग्लोब में बेस्ट डायरेक्टर के लिए नॉमिनेट होने वाली पायल कपाड़िया पहली भारतीय महिला पायल ऐसी पहली भारतीय फिल्ममेकर हैं, जिन्हें बेस्ट डायरेक्टर के लिए नॉमिनेट किया गया था। उनकी फिल्म ऑल वी इमेजिन एड लाइट गोल्डन ग्लोब जीतने से चूक गई। बेस्ट फिल्म (नॉन इंग्लिश) कैटेगरी में ऑल वी इमेजिन एज लाइट के अलावा एमिलिया पेरेज, द गर्ल विद द नीडल, आई एम स्टिल हेयर, द सीड ऑफ द सेक्रेड फिग एंड वर्मिंग्लो जैसी फिल्में भी शामिल थीं।



संपादकीय

# सर्दी का सितम

**सर्द रातों में फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों आदि में बेघर शरण लेने को मजबूर होते हैं, लेकिन आजकल वहां से भी उन्हें जबरदस्ती हटा दिया जाता है।**

**सर्दी** का सितम जारी है। गलन और कोहरे ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। सर्दी बुजुर्गों और बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ऐसे मौसम में डॉक्टरों की सलाह है कि बुजुर्ग घर से कम निकलें और अतिरिक्त एहतियात बरतें। सर्दी हर साल पड़ती है। सर्दी पड़ने के साथ ही दिल और सांस के मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। बच्चे सीने में जकड़न, बुखार और खांसी से पीड़ित हैं। तापमान में गिरावट होने से हृदय रोग के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। डॉक्टरों के मुताबि बुजुर्ग सुबह जल्दी टहलने के लिए न निकलें। नहाते समय सिर पर सीधे पानी डालने से बचें। जो सक्षम हैं, वे विभिन्न तरीकों से सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन जो गरीब हैं, असहाय हैं, बेघर हैं, उनके लिए सर्दी हर साल कहर बनकर टूटती है। स्थानीय नगर निकायों की जिम्मेदारी होती है कि वे बेघरों को सर्दी से बचाने के लिए रैनबसरों का इंतजाम करें, जगह-जगह अलाव जलाए, लेकिन ऐसा नहीं हो पाता। कहीं कहीं तो अलाव के लिए आवंटित होने वाली लकड़ी की ही बंदरबांट हो जाती है। रैन बसेरों पर असामजिक तत्वों का कब्जा रहता है। अगर कब्जा भी न हों तो उनमें बुनियादी सुविधाएं नाम मात्र की होती है। गंदे होते हैं। ऐसे समय में कुछ सामाजिक संगठन जरूर कंबल आदि वितरित करते हैं, लेकिन वे नाकाफी होते हैं। भले ही सरकार यह दावा करे कि गरीबों के लिए कई करोड़ घर बनाकर दिए गए हैं, लेकिन बेघर लोगों की संख्या करोड़ों में है। सर्द रातों में फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों आदि में ये बेघर शरण लेने को मजबूर होते हैं, लेकिन आजकल वहां से भी उन्हें जबरदस्ती हटा दिया जाता है। हाल में एक वीडियो सामने आया था, जिसमें रेलवे स्टेशनों पर सोए हुए लोगों पर पानी डाल कर उठाया गया और फिर उन्हें हटा दिया गया। ऐसे में गरीब बेघर लोग कहां जाएं? क्या यह सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि वह गरीबों को आशियाना मुहैया कराए? कम से कम इतना करे कि सर्दी और बरसात के मौसम अस्थाई घरोंदा मुहैया कराए, जहां वे सर्दी और बरसात बच सके। यूं दावा किया जाता है कि हम दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन जब भुखमरी इंडेक्स देखते हैं और लोगों को फुटपाथों पर शरण लेते हुए देखते हैं तो सभी दावे हवा हवाई लगने लगते हैं। सर्दी के इस मौसम में स्थानीय निकायों को चाहिए कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और ऐसे इंतजाम करे, जिससे सर्दी से किसी की मौत न हो।

पाठकवाणी

## एआई जीवन को तो प्रभावित करेगी

एआई तकनीक का आम जीवन में बढ़ता प्रभाव, आने वाले समय में मानव जीवन को क्रांतिकारी रूप से प्रभावित करेगा। मानव की रचनात्मक सोच पर प्रभाव पड़ने के साथ प्रतिभा विकास में बाधा आने की संभावनाएं नजर आती हैं। इनके उपयोग से आपराधिक गतिविधियों मे वृद्धि होंगी ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरे रूप में, भविष्य में एआई तकनीक मेडिकल क्षेत्र में मानव की जटिल बीमारियों के इलाज में कृत्रिम बुद्धिमता अधिक सहायक बन सकती हैं जो किसी भी रोग का इलाज करने मे मददगार बनेंगी। हर नयी विकसित तकनीक के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के पहलू होते हैं, यह मानव पर निर्भर करता है कि वह किन्हें अपनाता है।

**-नरेश कानूनगो 'शोभना'**, देवास, मध्य प्रदेश

## सराहनीय प्रयास

होटलों का संचालन करने वाली प्रमुख कंपनी ओयो ने अपनी नई चेक इन नीति में विवाहेतर संबंधों को हतोत्साहित करने के लिए सुधारात्मक प्रावधान किया है। अब अविवाहित जोड़े उनके होटल में कमरा नहीं ले सकेंगे। ओयो कंपनी का यह प्रयास सराहनीय है। हमारी सनातन संस्कृति में स्त्री पुरुष के शारीरिक संबंधों को विवाह के पश्चात ही मान्यता प्रदान की गई है। होटलों के अन्य समूहों को भी यह नीति लागू करना चाहिए।

**-ललित महालकरी**, इंदौर

कुछ खास



रमेश बिधुड़ी तुमने 80 साल के एक बूढ़े इंसान को गाली दी है जो चल भी नही सकते।
राजनीति करनी है तो मुद्दों पर करो।
आतिशीके बूढ़े मां-बाप को गाली देने पर ईश्वर भी तुम्हें माफ नहीं करेगा। सबसे शर्मनाक बात ये है कि मोदी मंच से विधुड़ी ने गाली दी है।

**-संजय सिंह**, आप सांसद

आज का ट्वीट



''जिला गाजियाबाद में शाहरुख मंदिर के बाहर प्रसाद बेचकर परिवार पालता था। बजरंगदल को ये खबर हो गई। कार्यकर्ता तेज गति से पहुंचे और शाहरुख की दुकान बंद कराई!!''

**-सचिन गुप्ता**

# क्षेत्रीय असमानता की चुनौती

सामयिक



**शाहीन सबा**

**राज्यों के बीच असमानता की यह खाई अहम नीतिगत चुनौतियां पेश करती है। राज्यों के बीच राजकोषीय संसाधनों और कराधान के वितरण को लेकर अलग किस्म का तनाव उत्पन्न है। राज्यों के बीच आय असमानता अगर और बढ़ी तो तनाव में और इजाफा होगा। पीछे छूट रहे राज्यों को तेजी से आगे लाए जाने की जरूरत है।**

असमानता हमेशा से एक भावनात्मक मुद्दा रहा है। इसको आधार बनाकर राजनीतिक और सामाजिक आंदोलन होते रहे हैं। एक सभ्य समाज में असमानता का कोई भी रूप स्वीकार्य नहीं है। यह एक अनुभवजन्य मुद्दा भी है, क्योंकि इसकी परिभाषा और माप, उपयोग किए गए पैमानों और आंकड़ों पर निर्भर करती है। आमतौर पर आय को आर्थिक विकास का मानदंड माना गया है, हालांकि विकास की यह संकुचित परिभाषा है। आय का स्तर और वितरण किसी देश या समाज में समानता के दर्जे को बताते हैं।

पिछले 6 दशकों में भारत ने आर्थिक विकास और संवृद्धि के कई आयाम तय किए हैं। यह सिक्के का एक पक्ष है। दूसरा रूख यह भी है कि कई राज्य अभी भी विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं । राज्यों के बीच विकास के स्तर में असमानता है। विकास का प्रतिफल चुनिंदा शहरी क्षेत्रों में सीमित हो जा रहा है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'रिलेटिव इकनॉमिक परफॉर्मेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स : 1960-61 टू 2023-24' में राज्यों के बीच सापेक्षिक विकास के स्तर की गहराई से पड़ताल की गई है। सापेक्षिक विकास के स्तर को मापने के लिए दो पैमाने प्रयोग किए गए हैं। पहला, सूबों के विकास का पैमाना उनके राज्य सकल घरेलू पैदावार (एसडीपी) को माना गया है। देश के सकल घरेलू पैदावार (जीडीपी) में राज्य की हिस्सेदारी को खुशहाली का सूचकहै। दूसरे पैमाने में व्यक्ति के स्तर पर तुलना की गई है झ प्रदेशों के प्रति व्यक्ति आय की तुलना औसत प्रति व्यक्ति आय से तुलना की गई है।



दोनों ही पैमानें पर राज्यों के बीच व्याप्त घोर विषमता का पता देते हैं। आंकड़े बताते हैं कि बीते छह दशकों में पश्चिम और दक्षिण भारत ने देश के अन्य हिस्सों को पीछे छोड़ दिया है। दक्षिण के पाँच राज्यों–आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना–का देश की कुल जीडीपी में करीब 30 फीसदी योगदान है।

प्रतिव्यक्ति आय के स्तर पर महाराष्ट्र और गुजरात ऐतिहासिक तौर पर आगे थे और वर्तमान में भी आगे हैं। इन दोनों राज्यों में प्रति व्यक्ति आय का स्तर लगातार 1960 के दशक से राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वर्ष 2023-24 में गुजरात की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत की160.7 फीसदी और महाराष्ट्र की 150.7 फीसदी रही। आंकड़ों से यह भी बात साफ होती है कि 1990 के दशक के बाद दक्षिण के राज्यों, ओडिशा, सिक्किम और हरियाणा ने काफी सुधार किया है। जबकि इसी दौरान पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों की स्थिति प्रति व्यक्ति आय के मामले बदतर हुई है। इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय का स्तर 1960-61 के राष्ट्रीय औसत से बहुत नीचे है।

1960 का दशक हरियाणा और पंजाब के लिए नई संभावनाएं लेकर आया था। इस दौरान देश में 'हरित क्रांति' हुई जिसका सबसे अधिक लाभ पंजाब और हरियाणा को मिला झ इन राज्यों की आय के स्तर में तेजी से इजाफा हुआ। लेकिन 2023-24 आते-आते पंजाब इस गति को बरकरार नहीं रख सका और उसकी आर्थिक स्थिति हरियाणा की तुलना में कमजोर हो गई। वर्ष 2023-24 में पंजाब की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत की 106.7 फीसदी हो गई, जबकि 1960-61 में यह 119.6 फीसदी थी। दूसरी ओर, हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय 2023-24 में 176.8 फीसदी रही। यह 1960-61 के 106.9 फीसदी से बहुत अधिक थी।

प्रतिव्यक्ति आय में सबसे अधिक गिरावट पश्चिम बंगाल में दर्ज की गई है। 2023-24 में इसकी प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत का 83.7 फीसदी रह गई, जबकि 1960-61 में यह प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से 27.5 फीसदी अधिक थी। यह देश का तीसरा सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला प्रदेश था।

बिहार की प्रति व्यक्ति आय न केवल 1960 के दशक से ही राष्ट्रीय औसत से कम है, बल्कि 1960-61 में जहां यह राष्ट्रीय औसत की 70.3 फीसदी थी, वहीं अब यह घटकर उसकी 32.8 फीसदी ही रह गई है। आय के मामले में बिहार और उत्तर प्रदेश की कारगुजारी एक जैसी है। 1960 के दशक में उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत की 82.4 फीसदी थी वहीं 2023-24 में यह घटकर उसकी 50.8 फीसदी ही रह गई है।

राज्यों के बीच असमानता की यह खाई अहम नीतिगत चुनौतियां पेश करती है। राज्यों के बीच राजकोषीय संसाधनों और कराधान के वितरण को लेकर अलग किस्म का तनाव उत्पन्न है। राज्यों के बीच आय असमानता अगर और बढ़ी तो तनाव में और इजाफा होगा। जरूरत इस बात की है कि लक्षित और केंद्रित हस्तक्षेप किया जाए ताकि पीछे छूट रहे राज्यों को तेजी से आगे लाया जा सके। इसके लिए दो मोर्चों पर कुछ संस्थागत उपाय करने होंगे। पहला यह कि राज्यों को साधन सम्पन्न बनाया जाए जिससे कि वे उत्पादन बढ़ा सकें। दूसरा, राज्यों की उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास किया जाए।

राज्यों को आवश्यक राजकोषीय संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए वित्त आयोग की व्यवस्था है। देश को राजकोषीय हस्तांतरण की व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और इसको और अधिक व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है। साथ ही, संसाधन हस्तांतरण के अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा। उदाहरण के तौर पर, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 2023 में 75 प्रतिशतसे अधिक था। पूर्वी क्षेत्र के लिए यह अनुपात 50और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 40 प्रतिशत से भी कम था। यह दशार्ता है कि पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों से अन्य क्षेत्रों में संसाधन हस्तांतरण हो रहा है। संतुलित वृद्धि के लिए संसाधनों का संतुलित वितरण अनिवार्य शर्त है।

दूसरा मोर्चा उत्पादकता को बढ़ाना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास में निवेश उत्पादकता को बेहतर बनाने काफी मददगार साबित हो सकता है। भारत इस समय युवाओं का देश है। शिक्षा और स्वास्थ्य में किया गया खर्च व्यय नहीं, बल्कि निवेश होता है जो भविष्य में लाभांश देता है। मानव पूंजी में निवेश का सबसे उपयुक्त समय हैताकि जनसंख्या के वृद्ध होने से पहले जनसांख्यिकीय लाभांश से अधिकतम लाभ उठाया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में-'यही समय है, सही समय है'। हमारी अर्थव्यवस्था एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। उच्च और सतत आर्थिक विकास में क्षेत्रीय असमानता एक बड़ी चुनौती है। कुशल नीति और आर्थिक उपायों से इस चुनौती का सफलतापूर्वक मुकाबला किया जा सकता है।

# ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे आपहुं शीतल होय

## आओ सोच समझकर अपनी राय बनाएं, वाणी बोले

**>>> किसी भी विषय वस्तु पर अपनी राय बनाते, शब्दों का चयन करते समय विवेकपूर्ण हाजिर मंथन जरूरी**
**>>> जीवन में छोटी-छोटी बातें विभित्सक रूप धारण कर सकती है, इसलिए निर्णय से पहले सटीकता परखना जरूरी - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**






**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत पूरी दुनियाँ में बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाना जाता है, क्योंकि यह आवाज 142.6 करोड़ जनसांख्यिकीयतंत्र की आवाज होती है इसलिए पूरी दुनियाँ के प्रमुख व्यक्तित्व गंभीरता से भारत के बयानों पर ध्यान देकर उसका उचित विवेकपूर्ण मंथन कर सकारात्मक समझ निकालते हैं।हालांकि अपवाद स्वरूप कुछ देश ऐसे भी हैं जो भारत की बातों को विवादों में भी ले जाने की कोशिश करते हैं। हम भारत माता के वंशज हैं। संस्कृति, सभ्यता हमारे लहू में समाई हुई है। हम दैनिक जीवन में भी अपनी राय बेबाकी से रखने में विश्वास रखते हैं क्योंकि हम लोकतंत्र की छत्रछाया में रहने के आदी हैं, परंतु हम में से कई लोग ऐसे भी हैं जो अपनी राय बनाने में गंभीर नहीं हैं बिना सोचे समझे बयान बाजी, राय देना सलाह देना, किसी भी बात का नकारात्मक मतलब निकालना, बिना बात के झगड़ा बढ़ाना, सहनशीलता संवेदनशीलता और सहिष्णुता की कमी के कारण जीवन में छोटी-छोटी बातों का परिणाम विभित्सक रूप धारण कर लेता है जिससे हमारी जान के लाले भी पड़ जाते हैं इसलिए हमें चाहिए कि किसी भी विषय वस्तु, बात,स्थिति पर अपनी राय बनाते,शब्दों का चयन करते ' समय विवेकपूर्ण हाजर मंथन कर उस बात को रखना अपेक्षाकृत सटीक होगा, उस राय की सटीकता का विचार भी कुछ पलों में कर नपी तुली समझ का परिचय देना जरूरी है। चूंकि हम वैश्विक स्तरपर भारत की राय और भारत माता के सपूतों की राय प्रकट करने की बात कर रहे हैं, इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ सोच समझकर अपनी राय बनाए, वाणी बोले। साथियों बात अगर हम अनेक मुद्दों पर मनीषियों की राय की करें तो दरअसल, हर मुद्दे को लेकर सबकी राय अलग अलग होती है, ऐसे में कई लोग सही तरह से राय व्यक्त न कर पाने के कारण भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं, तो कुछ लोग दिलचस्प तरीके से अपनी बात रखकर भीड़ से अलग पहचान बनाने में कामयाब हो जाते हैं,आमतौर पर हर चीज को लेकर सभी लोगों कि अपनी अपनी राय होती हैं, ऐसे में ज्यादातर लोग नुक्कड़ पर राजनीतिक चर्चा से लेकर सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और घरेलू मामलों में अपनी राय देने से पीछे नहीं हटते हैं। हालांकि, इस दौरान कुछ लोगों की राय भीड़ से बिल्कुल अलग होती है। वहीं अगर हम चाहें तो कुछ इंप्रेसिव तरीकों से अपनी राय को सबसे अलग बना सकते हैं। साथियों कई बार जल्दी जल्दी में राय देने के चक्कर में हम अपनी बात को सही तरीके से पेश नहीं कर पाते हैं, ऐसे में न सिर्फ हम सामने वाले को अपनी बात समझाने में असफल हो जाते हैं बल्कि सामने बैठे लोग हमारी बात का गलत मतलब भी निकाल सकते हैं, इसलिए हमें अपनी राय रखने से पहले शब्दों का चुनाव काफी सोच-समझ कर ही करना है। वैसे तो हर मुद्दे पर सभी का अलग राय होती है, वहीं राय सही या गलत भी हो सकती है, मगर राय रखते समय कई लोग अपनी बात को इतने खास अंदाज में बयां करते हैं कि हम चाहकर भी उनकी बात का विरोध नहीं कर पाते हैं। हालांकि, अगर हम चाहें तो राय देने के इस दिलचस्प तरीके को अपनी व्यक्तित्व में भी शामिल कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम राय देने में शब्दों के चयन की करें तो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी हमें शब्दों का चयन सोच समझ कर करना चाहिए, चाहे किसी से बात करने के क्रम में हो या किसी समारोह में या किसी वाद विवाद में। ऐसा माना जाता है कि हथियार या चोट के घाव तो भर जाते हैं पर शब्दों के घाव हमेशा ताजा रहते हैं। किसी मित्र की टांग खिंचाई में बड़ा मजा आता है पर ऐसा करने में हम इतने मशगूल हो जाते हैं कि कुछ अनचाहा कह जाते हैं। कुछ ऐसा ही क्रोध के समय भी होता है। इसीलिए क्रोध के समय अप्रिय बातें करने से बचना चाहिए। इसके अलावा यदि किसी को सलाह दी जाए तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि हमारे शब्दों से उसके आत्मसम्मान को ठेस ना पहुंचे। यदि सही शब्दों का चयन किया जाए तो आदेश भी निवेदन लगेगा और बिना किसी के अहम को ठेस पहुंचे सब का काम हो जाएगा। साथियों इसके साथ ही हमें अपने कहे गए शब्दों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। चाहे अनचाहे यदि आपकी बातों से किसी की भावनाएं आहत हो तो हमें उन बातों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, ना कि तरह-तरह के बहाने बनाकर अपनी बातों को सिद्ध करना चाहिए। ऐसा कर-के हम अनावश्यक बहस से निजात पा सकेंगे और सामने वाले के मन में भी सम्मान के पात्र बनेंगे। वास्तव में हमारे शब्द हमारे हृदय की प्रेम की अभिव्यक्ति हैं। अब यह हमारे ऊपर है कि हम इस प्रेम को संसार में लुटाएं या प्रेम की जगह घृणा फैलाएं। प्रेम पूर्वक की गई आलोचना किसी को सही मार्ग पर ला सकती है या अप्रिय शब्दों से युक्त अच्छी सलाह उसे गलत रास्ते को चुनने की ओर प्रेरित कर सकती है। इसलिए हमें शब्दों के खजाने को निरंतर बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि इनका प्रयोग संसार में खुशियां बांटने में किया जा सके।अतएव सोच समझकर शब्दों का चयन करें। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ सोच समझ कर अपनी राय बनाएं, वाणी बोले। किसी भी विषय वस्तु पर अपनी राय बनाते, शब्दों का चयन करते समय विवेकपूर्ण हाजिर मंथन जरूरी है। जीवन में छोटी-छोटी बातें विभित्सक रूप धारण कर सकती है इसलिए निर्णय से पहले सटीकता परखना जरूरी है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# गुरु बिन ज्ञान कहां रे



पूरन सरमा

गुरु बिन ज्ञान कहां। सुन तो लिया था, लेकिन सुना नहीं था। मुझे लग रहा था मैं प्रेम में बिना गुरु बनाये सफल नहीं हो सकता। लव गुरु की तलाश में निकला तो छोटे-मोटे तो प्रेम प्रबंधन में माहिर मिल गये, लेकिन मुझे पहुंचे और घुटे हुये लव गुरु की तलाश थी। फिर किसी ने बताया कि विश्वविद्यालय के किसी प्रोफेसर से मिलो। मैं विश्वविद्यालय के हिंदी डिपार्टमेंट में गया तो खाली पड़ा था, एक अधेड़ से व्यक्ति स्टाफ रूम में आंख बन्द किये मनन कर रहे थे। मैंने कहा-'गुरु देव नमस्कार।' उनकी तंद्रा एकदम टूटी और फिर वे थोड़ा सहज होकर बोले-'आपका परिचय?' मैं बोला-'मैं इसी शहर का रहने वाला हूं। वेलेंटाइन डे नजदीक है और मुझे लव गुरु की तलाश है। क्या आप मेरे लव गुरु बनना पसंद करेंगे?'

मेरी बात पर वे थोड़ी कृपणता से हंसे और बोले-'पहले अपना नाम-परिचय तो दीजिये।' मैंने कहा-'मैं शर्मा हूं। शादीशुदा हूं। दाम्पत्य जीवन में रस नहीं है। पत्नी रोज बात-बेबात में कलह करती है और मैं प्यार की अथाह प्यास लिए इधर से उधर भटकता हूं। सुना है बिना गुरु ज्ञान लिए प्रेम का सूत्रपात नहीं हो पाता। आप हिंदी के आचार्य हैं। यदि तनिक कृपादृष्टि हो जाये तो मैं निहाल हो जाऊंगा। अब तो आपको मेरा पूरा परिचय मिल गया होगा!'

'मैं समझ गया शर्मा जी, आपको लवगुरु की तलाश है। मैं खुद रससिद्ध हूं, बिहारी भी मैं ही पढ़ाता हूं। परंतु आप देख रहे होंगे, सारा डिपार्टमेंट चला गया और मैं अकेला यहां पड़ा हुआ हूं। गृह कलह से परेशान मैं खुद आप ही की तरह निराशा के अंधेरे में भटक रहा हूं। आप ऐसा करिये हमारे विभाग के एक पारंगत लवगुरु हैं, उन्हें इसी आसक्ति भाव को लेकर निलंबित किया हुआ है, उनसे मिल लीजिये। उनके घर का पता मैं लिखे देता हूं।'

मैंने कहा-'धन्यवाद आपको। बस इतनी बात जरूर याद रखें कि गुरुजी जूते नहीं पड़वा दें।' वे बोले-'घबराने की बात नहीं है। वे खुद कई बार पिट-पिटाकर ही लवगुरु का दर्जा ले सके हैं। कुछ दिन बतौर सावधानी के हैलमेट जरूर पहनकर रहना। बाकी उनके गुर आपके प्रेम की प्यास को जरूर पूरा करेंगे।' उन्होंने कागज के एक पुर्जे पर लवगुरु का पता लिख दिया और मुझे देते हुये बोले-'ये है लवगुरु मटुकनाथ का पता। चाहो तो मेरे रिफ्रेंश से मिल लेना। यदि उन्होंने यह गुरुतर भार संभाल लिया तो तुम्हारा बेड़ा पार है।'

मैं पता लेकर लवगुरु के निवास पर पहुंचा तो वहां लंबी लाइन लगी हुई थी। मेरा इतनी भीड़ देखकर सिर चकरा गया। मैंने जानकारी की तो पता चला कि मटुकनाथ से गुरुज्ञान, वेलेंटाइंश डे के पहले, लेने वालों की भीड़ थी। मैंने अंदाज लगा लिया कि सात दिन पहले मटुकनाथ से मिलना सम्भव नहीं है। इतने में तो वेलेंटाइंश डे निकल जायेगा और मेरे प्रेम के प्यासे अधर सूखे ही रह जायेंगे। मुझे लगा कि मेरे भाग्य में अभी लवगुरु का योग नहीं है। मैं चुपचाप घर जाने की एवज पब्लिक पार्क में जाकर लेट गया। प्रेम प्रबंधन में विफल रहने का अफसोस व रंज कम न था। परन्तु गुरु बिन ज्ञान कहां!

## सार संक्षेप

### एतिहाद एयरवेज ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली** : संयुक्त अरब अमीरात की राष्ट्रीय एयरलाइन एतिहाद एयरवेज ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) के साथ 2025 सत्र से नई साझेदारी की शुरुआत की है। इस साझेदारी के तहत एतिहाद एयरवेज, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर प्रतियोगिताओं के साथ-साथ वर्ल्ड टूर फाइनल, वर्ल्ड चैंपियनशिप, सुदीरमन कप फाइनल और थॉमस और उबर कप फाइनल के लिए अपनी सेवाओं के लिए मौजूद रहेगा। इस अवसर पर एतिहाद एयरवेज के मुख्य राजस्व और वाणिज्यिक अधिकारी एरिक डे ने कहा कि हम अपने वैश्विक खेल प्रायोजक पोर्टफोलियो में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। दुनिया भर में और विशेष रूप से एशिया में बैडमिंटन की बढ़ती लोकप्रियता, एतिहाद के बढ़ते नेटवर्क के साथ पूरी तरह से मेल खाती है, हम 2025 में 13 नए गंतव्यों का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनिया भर में खेल आयोजनों और टीमों के साथ साझेदारी करने और समुदायों को एकजुट करने में खेलों की शक्ति का लाभ उठाने के अवसर को महत्व देते हैं। कई देशों में सफल भागीदारी के साथ, हम दुनिया के सभी कोनों में फैले दर्शकों और प्रशंसकों तक पहुंचने में सक्षम हैं। हम 2025 में दुनिया भर में बैडमिंटन प्रशंसकों के साथ जुड़ने के लिए तत्पर हैं।

### सीआईएसएफ, रॉयल रेंजर्स की बड़ी जीत

**नई दिल्ली** : प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद इमरान के दो बेहतरीन गोलों की मदद से सी आई एस एफ प्रोटैक्टर ने भारतीय वायुसेना को 4-0 से हरा कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। वहीं दिन के दूसरे ममुकाबले में रॉयल रेंजर्स ने नितेश चिकारा, डेविड मोटला और विजॉय गोसाई के गोलों से हिंदुस्तान फुटबॉल क्लब को 3-0 से हराया। विजेता टीम सीआईएसएफ के लिए भोला सिंह और साहिल कुमार ने एक-एक गोल तथा मोहम्मद इमरान ने दो गोल किए। सीआईएसएफ ने आधी अधूरी टीम वायुसेना पर अधिकांश समय दबाव बनाए रखा।भोला और साहिल के कुछ निशांने लक्ष्य से भटके वरना जीत का अंतर और बड़ा हो सकता था। दूसरे मुकाबले का पहला हाफ पराजित हिन्दुस्तान का रहा। तीन मौकों पर उसके फॉरवर्ड चूक गए। थांग होकिप, लाल रोशंगा और थैंगमिंलेन के प्रयासों पर रॉयल रेंजर्स टीम का गोली प्लेयर्स ऑफ द मैच मानिक बाल्याण आड़े आया लेकिन पाला बदलने के बाद रॉयल रेंजर्स ने रफ्तार पकड़ी और दनादन तीन गोल जमा कर पूरे अंक पा लिए। हिन्दुस्तान दूसरे हाफ में पूरे समय दबाव में खेली। पराजित टीम का आत्मसमर्पण हैरान करने वाला रहा। उसके अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी या तो थक गए थे या खेलना ही भूल गए। मंगलवार को पहले मैच में यूनाइटेड भारत को गढ़वाल एफसी से और फ्रेंड्स यूनाइटेड को वाटिका एफसी से भिड़त होगी।

### ओडिशा सरकार राष्ट्रीय खो-खो टीम को देगी 15 करोड़ की सहायता राशि

**भुवनेश्वर** : ओडिशा सरकार ने स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वूपर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को राष्ट्रीय खो-खो टीम को तीन साल में 15 करोड़ रुपये देने की एलान किया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज खो-खो की राष्ट्रीय टीम को आवश्यक सहायता देने की घोषणा करते हुए कहा कि ओडिशा खनन निगम के जरिये इस खेल के विकास, प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी की सुविधा मुहैया कराने के लिए जनवरी 2025 से दिसंबर 2027 तक सालाना पांच करोड़ रुपये का निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि यह भारत में खो-खो के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। अपने स्वदेशी खेलों का समर्थन करके, हम न केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि अपने एथलीटों के लिए नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं। जिस तरह हमने भारतीय हॉकी को बदला है उसी तरह हम खो-खो के के पुनर्जागरण की कल्पना करते हैं। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस एलान का स्वागत करते हुए कहा कि खो-खो के प्रति ओडिशा की प्रतिबद्धता इस पारंपरिक खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह प्रायोजन विश्व स्तरीय एथलीटों को विकसित करने और वैश्विक मंच पर खो-खो को बढ़ावा देने की हमारी क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

### संजू ने 2024 में विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में बनाई खास पहचान




**नई दिल्ली** : भारतीय विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपनी दमदार बल्लेबाजी और लगातार शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वर्ष 2024 में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी के रूप में संजू सैमसन ने क्रिकेट जगत में एक खास पहचान बनाई है। बीते वर्ष भारतीय क्रिकेट में कई ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिले जो कि यादगार बन गए। संजू ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तरीय मैचों में दबाव के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में जगह बना ली है। आंकड़ों के अनुसार संजू वर्ष 2024 में टी-20 में शतक बनाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर तथा लगातार दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज है। उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक तीन टी-20 शतक लगाये है। संजू के शतक का सिलसिला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ 47 गेंदों पर शानदार 111 रनों से शुरू हुआ। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। उन्होंने डरबन के किंग्समीड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 50 गेंदों पर धमाकेदार 107 रन बनाए। इस मैच में भारत को 61 रनों की बड़ी जीत मिली। सैमसन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंदों पर नाबाद 109 रन बनाकर साल का तीसरा टी-20 शतक जड़कर इतिहास रच दिया। बीते वर्ष सैमसन ने 13 मैचों में तीन शतक, एक अर्धशतक सहित कुल 436 रन बनाए। उनका सर्वाधिक शतकीय रिकॉर्ड 111 रन का है। इस दौरान उन्होंने 35 चौके, 31 छक्के लगाए।

# विराट कोहली को फिर मिलेगी कमान!

## रोहित शर्मा का हटना तय, बुमराह की फिटनेस परेशानी, केएल राहुल भी बन सकते हैं कप्तान




● नई दिल्ली,

**बॉर्डर** गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 10 साल बाद सीरीज हार का सामना करना पड़ा। सिडनी में रविवार को भारत ने 6 विकेट से पांचवां टेस्ट गंवाया और सीरीज 3-1 से मेजबान टीम के नाम हो गई। कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दोनों सीरीज हार चुके हैं।

रोहित ने पांचवें टेस्ट में खुद को रेस्ट भी दिया, टेस्ट में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उनकी कप्तानी जाना तय है। जसप्रीत बुमराह उप कप्तान हैं, लेकिन उनका इंजर्ड रहना टीम के लिए परेशानी बन सकता है। विराट कोहली 3 साल पहले कप्तानी छोड़ चुके हैं, लेकिन सिडनी में उन्होंने बुमराह की गैरमौजूदगी में बेहतरीन कप्तानी की थी।रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से टेस्ट सीरीज हार गई। भारत 12 साल बाद घर में कोई टेस्ट सीरीज हारा था। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 3 बार कप्तानी की और 2 मैचों में टीम को हार मिली। बारिश के कारण तीसरा मैच ड्रॉ रहा। इसी के साथ भारत को बीजीटी में भी 10 साल बाद सीरीज हार का सामना करना पड़ा। रोहित की कप्तानी जारी रखने में सबसे बड़ा रोल उनकी बैटिंग का भी है। जो इस वक्त बहुत खराब चल रही है। ऑस्ट्रेलिया में वह 31 रन ही बना सके। 2024 में तो वह 10 बार सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हुए। जिस कारण उन्हें सिडनी में खुद को ड्रॉप करना पड़ा। बुमराह और कोहली ने उनसे बेहतर कप्तानी की, ऐसे में रोहित का टेस्ट कप्तान बने रहना बहुत मुश्किल है। वहीं जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा गेंदबाजी नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह हमेशा ही फिटनेस से जूझते रहते हैं,




2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुमराह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं है। इसलिए उन्हें परमानेंट कप्तान नहीं बनाया जा सकता। फिर भी अगर वह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुमराह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहे। भारत की मौजूदा टीम में 3 ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत। यशस्वी फिलहाल बहुत युवा है और पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। पंत इस फॉर्मेट में टीम के लिए कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। सिडनी में भी मुश्किल पिच पर उनकी ही पारियों से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सम्मानजनक टारगेट दिया था। उन्हें कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की होती है। हालांकि भारत अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही शॉकिंग, लेकिन पॉजिटिव रिजल्ट मिल सकते हैं। वहीं शुभमन भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं, वह वनडे और टी-20 फॉर्मेट में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाल ली थी। अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं, इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग कर 5 शतक लगाए हैं। फ्यूचर ऑप्शन के रूप में शुभमन भी अच्छे ऑप्शन हैं। वहीं विराट कोहली भारत के बेस्ट टेस्ट कप्तान हैं। 2020 में आईसीसी ने उन्हें दशक की बेस्ट टेस्ट टीम का कप्तान भी बनाया था। वह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाले भारत के पहले कप्तान हैं। उन्होंने 2018 में यह कारनामा किया था, टीम ने इसके बाद 2021 में भी ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीती थी। बुमराह के इंजर्ड होने के बाद कोहली ने सिडनी में भी कप्तानी की। उनकी अटैकिंग कप्तानी में टीम ने पहली पारी में अहम बढ़त ली। दूसरी पारी में भी कोहली ने ही कप्तानी की, लेकिन तेज गेंदबाज और टारगेट कम होने के कारण वह कंगारू बैटर्स पर दबाव नहीं बना सके। कोहली के नाम सीना देशों में 7 टेस्ट जीत है, जो एशिया के कप्तानों में सबसे ज्यादा है। वहीं केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से ही बेहतरीन ओपनिंग और बैटिंग की। उन्होंने सीरीज में 30.66 की औसत से 276 रन बनाए। वह टॉप-5 स्कोरर में शामिल रहे। राहुल विदेश में पिछले 5 सालों से भारत के टॉप बैटर हैं। राहुल को 3 मैचों में कप्तानी का अनुभव भी है, जिनमें 2 बार टीम को जीत मिली थी।

### हरभजन ने सिडनी टेस्ट में प्लेइंग-11 पर उठाए सवाल

**सिडनी, वार्ता** : पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने सिडनी टेस्ट में भारतीय टीम की प्लेइंग-11 पर सवाल उठाए हैं। पूर्व स्पिनर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का चयन खिलाड़ियों के कद को देखकर नहीं किया जाना चाहिए। सिलेक्टर्स को तय करना चाहिए कि सीनियर खिलाड़ी काउंटी क्रिकेट में हिस्सा लें। हरभजन ने बड़े खिलाड़ियों को डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने की भी वकालत की। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में ढाई दिन में 6 विकेट से हार गई। इससे टीम को 10 साल के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवानी पड़ी। हरभजन ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को दूसरी पारी से पहले पीठ की इंजरी हुई। वे नहीं खेल सके। ऐसे में 162 रन के मामूली टारगेट के बचाव करने की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के कंधों पर थी। प्रसिद्ध इस सीरीज में पहला मैच खेल रहे थे। सिडनी की पिच पर दो स्पिन को प्लेइंग इलेवन में लेने का कोई मतलब नहीं था। रवींद्र जडेजा ने मैच में सिर्फ तीन ओवर फेंके, जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने दूसरी पारी के अंत में सिर्फ एक ओवर फेंका। अगर टीम में एक सीमर होता तो स्थिति कुछ और हो सकती थी।

### टेस्ट टीमों को दो डिवीजन में बांटने की तैयारी

**सिडनी, वार्ता** : बीजीटी की सफलता को देखते हुए आईसीसी ने 2 टीयर सिस्टम लागू करने की तैयारी की है। एक दिन पहले समाप्त हुई बीजीटी को 8 लाख से ज्यादा फैंस ने मैदान पर आकर देखा। आईसीसी टेस्ट टीमों को 2 डिवीजन में बांटने की तैयारी कर रही है। एक डिवीजन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें होंगी। आईसीसी का प्लान है कि बड़ी टीमें आपस में ज्यादा सीरीज खेलें। इस स्कीम को मंजूरी मिलती है तो 2027 के बाद इसे लागू किया जाएगा। 2027 तक के शेड्यूल पहले से तय हैं। ऑस्ट्रेलियाई अखबार द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी के चेयरमैन जय शाह तीनों बोर्ड (बीसीसीआई, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ईसीबी) के साथ मिलकर चाहते हैं कि ये तीनों बड़े देश ज्यादा से ज्यादा एक-दूसरे के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलें। इससे इन टीमों के बीच हर तीन साल में 5-5 टेस्ट मैचों की दो सीरीज हो पाएंगी। अभी इनकी आपस में दो सीरीज 4 साल में होती हैं। आईसीसी चेयरमैन जय शाह जनवरी के आखिरी सप्ताह में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बैर्ड और इंग्लैड क्रिकेट बोर्ड के चीफ रिचर्ड थॉम्पसन एक मीटिंग कर सकते हैं।

## आयरलैंड के खिलाफ मंधाना को कमान, हरमनप्रीत-रेणुका को आराम

● मुंबई, वार्ता

**स्मृति** मंधाना को आयरलैंड के खिलाफ राजकोट में 10 जनवरी से शुरू होने वाले तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की कामन सौंपी गई वहीं नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर और रेणुका सिंह को आराम दिया गया है।

चयनकर्ताओं ने आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। इस श्रृंखला के लिए स्मृति मंधाना को कप्तान और दीप्ति शर्मा को उपकप्तान बनाया हैं। राघवी बिष्ट और सायली सतघरे की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में वापसी हुई है। बिष्ट ने हाल ही में पिछले वर्ष दिसंबर में नवी मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 में पर्दापण किया था। वहीं सतघरे को अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय के लिए टीम में शामिल किया था लेकिन उन्हें खेलने का नहीं मिला था। वडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय में पर्दापण करने वाली प्रतिका रावल और तनुजा कंवर भी टीम में अपनी जगह बनाए हुए हैं। आयरलैंड के खिलाफ एकदिवीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम इस



प्रकार हैः- स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तितास साधु, साइमा ठाकोर और सयाली सतघरे।



### एलेक्जेंडर मुलर ने जीता हांगकांग ओपन का खिताब

**कॉजवे बे, वार्ता** : फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने केई निशिकोरी को फाइनल में हराकर हांगकांग ओपन का खिताब जीता। हांगकांग के विक्टोरिया पार्क में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में जापान के केई निशिकोरी को 2-6, 6-1, 6-3 से हराकर अपना पहला एटीपी टूर खिताब अपने नाम किया। मुलर ने पहला सेट 6-2 से गवांने के बाद वापसी करते हुए अगले दो सेट 6-1 और 6-3 से जीत दर्ज कर मैच जीत लिया।

# अफगानिस्तान ने जीती टेस्ट सीरीज

## दूसरे टेस्ट में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराकर सीरीज 1-0 से अपने नाम की

● बुलावायो

**राशिद** खान (सात विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन जिम्बाब्वे को 72 रनों से हरा दिया। इसी के साथ अफगानिस्तान ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से जीत ली।

जिम्बाब्वे ने रविवार के आठ विकेट पर 205 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 68वें ओवर में रिचर्ड एन्गरावा (03) रनआउट हुए। इसके बाद अगले ही ओवर में राशिद खान ने जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन (53) को पगबाधा आउट कर अफगानिस्तान के लिए पहली टेस्ट जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे रविवार के स्कोर में एक भी रन का इजाफा नहीं कर पाया और पूरी टीम 68.3 ओवर में 205 रन पर सिमट गई। राशिद खान को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 392 रन बनाने वाले



रहमत शाह को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने 27.3 ओवर में 66 रन देकर कर सात विकेट लिए। वहीं जिया उर रहमान ने 15 ओवर में 44 रन देकर दो विकेट झटके। अफगानिस्तान की कल दूसरी पारी को 363 के स्कोर पर सिमट गई थी। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए जॉयलॉर्ड गंबी और बेन करन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 14वें ओवर में जिया उर रहमान ने गंबी (15) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद राशिद खान ने बेन करन (38) और ताकुडवनाशे काइटानो (21) को अपना शिकार बनाया। डिओन मेयर्स (06), शॉन विलियम्स (16), ब्रायन बेनेट (00), न्यूमैन न्यामहुरी (00) पर आउट हुए। रविवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय जिम्बाब्वे ने 66 ओवरों में छह विकेट पर 205 रन बना लिए थे। रविवार की सुबह के सत्र में मात्र 13 मिनट में जिम्बाब्वे ने बिना कोई रन जोड़े अपने दोनों विकेट गवां दिए। अफगानिस्तान ने पहली पारी में 157 रन बनाए थे। वहीं जिम्बाब्वे ने पहली पारी में 243 को स्कोर बनाकर बढ़त हासिल की थी।

## दक्षिण अफ्रीका ने पाक का किया सूपड़ा साफ

**केपटाउन, वार्ता** : कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज (तीन-तीन विकेट) और मार्को यानसेन (दो विकेट) के बाद डेविड बेडिंघम (नाबाद 44) रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को 10 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया है।

दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 478 के स्कोर पर समेटने के बाद मिले 58 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए 7.1 ओवर में हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की डेविड बेडिंघम और एडन मारक्रम की सलामी जोड़ी शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। डेविड बेडिंघम ने 30 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद44) रन बनाए। वहीं एडन मारक्रम 13 गेंदों में (14) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 61 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीता। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। दूसरे टेस्ट में 259 रनों की शानदार पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकलटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 80 रन देकर 10 विकेट लेने वाले मार्को यानसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। यहां पाकिस्तान ने रविवार के एक विकेट पर 213 रनों से आगे खेलना शुरु किया। मार्को यानसेन ने खुर्रम शहजाद (18) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)